प्रात:कालीन हिन्दी दैनिक

# राज़नामा दुनिया

अब खोलेगा राज



देवघर, सोमवार 25 अक्टूबर 2021 • वर्ष 01 • अंक 352 • पृष्ठ 8 • मूल्य : 5 : 00 | रांची एवं देवघर से प्रकाशित | website : raajnamadigital.co.in | E-mail : raajnamadigital@gmail.com



# अब नहीं चलेगी तीन परिवारों की दादागीरी

## 370 हटने के बाद विकास का नया दौर शुरू

नई दिल्ली

अमित शाह जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर है। दौरे के दूसरे दिन रविवार को शाह ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के तीन परिवारों की दादागीरी नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि तीन परिवारवाले मुझसे पूछ रहे थे कि क्या दोगे। आप ही बताइए कि ये परिवारवालों को अब तक किसकी चिंता रही है। उन्होंने 70 सालों में जम्मू-कश्मीर को क्या दिया। शाह ने कहा कि मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनते ही जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए 55,000 करोड़ रुपए का पैकेज दिया था। आज इसमें से 33,000 करोड़ खर्च हो चुका है, विकास की 21 योजनाएं पू-री हो चुकी हैं। जम्मू-कश्मीर के दौरे के दूसरे दिन गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू में रैली को संबोधित किया। शाह ने कहा कि आर्टिकल 370 हटने के बाद प्रदेश में विकास का नया सफर शुरू हुआ है। अब यहां किसी को डरने की जरूरत नहीं है। अब जम्मू के लोगों के साथ भेदभाव नहीं होगा। मौसम खराब होने के कारण शाह की रैली का स्थान बदला गया है। अब भगवती नगर की जगह उनकी रैली जम्मू यूनिवर्सिटी के जनरल जोरावर सिंह ऑडिटोरियम में हो रही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं। हम ऐसी स्थिति बनाने चाहते हैं, जिससे एक भी व्यक्ति की जान न जाए। आजादी के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में पर्यटन के लिए निर्माण कार्य शुरू हुए हैं। जम्मू में दो साल के अंदर मेट्रो सेवा शुरू हो जाएगी। शनिवार को हेलिकॉप्टर पॉलिसी की घोषणा हुई। अब जम्मू के हर जिले में हेलिपैड बनाए जाएंगे।

शाह ने कहा कि मैं आज यहां आया हूं तो ढेर सारे कार्यक्रमों का उद्घाटन हुआ है। जम्मू-कश्मीर में 7 नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो चुकी है। आज क्क्ळ के एक कैंपस का उद्घाटन हुआ। मैंने आज तक इतना आधुनिक कैंपस नहीं देखा। सेटेलाइट कैंपस खोलकर ज्यादा से ज्यादा जम्मू-कश्मीर के बच्चों को क्क्ळ में एडमिशन दिलाने की कोशिश होगी।

शाह ने कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर के 45 हजार युवा लोगों की सेवा में लगते हैं तो दहशतगर्द कुछ नहीं बिगाड़ सकते हैं। जम्मू-कश्मीर में निवेश के चलते 5 लाख नए रोजगार पैदा होने वाले हैं। जब हम नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी लेकर आए तो इसका मजाक उड़ाया गया। लेकिन 12 हजार करोड़ का निवेश हो चुका है।

### जम्मू-कश्मीर में दिख सकता है तालिबान इफेक्ट

**गुवाहाटी।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत ने कहा कि चीन के साथ छअउ सहित दूसरे मसलों को बातचीत के जरिए सुलझाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संदेह की स्थिति बरकरार है। ऐसे में मुद्दों को हल करने में समय लगता है। गुवाहाटी में एक कार्यक्रम के दौरान उऊ रावत ने कहा कि चीन के साथ सीमा मुद्दे को व्यापक रूप से देखना चाहिए। उत्तर-पूर्व या लद्दाख के मसले को अलग करके न देखें। जनरल रावत ने कहा कि 2020 में हमें थोड़ी समस्या हुई थी। मुद्दों को अब सैन्य स्तर, विदेशी मामलों के स्तर और राजनीतिक स्तर पर होने वाली बातचीत के जरिए हल किया जा रहा है। हमें पूरा विश्वास है कि हम अपने सीमा मुद्दों को हल कर लेंगे। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। सीमा विवाद पहले भी रहा है और उन्हें हल करने में सक्षम हैं। उऊ ने कहा कि सुमदोरोंग चू में भी ऐसा ही हुआ था, इसे हल करने में बहुत लंबा समय लग गया। वास्तव में, इस बार यह 1980 के दशक की तुलना में बहुत तेजी से हल हो रहा है। उन्होंने कहा कि आपको अपने सिस्टम में विश्वास होना चाहिए, विशेष रूप से अपने सशस्त्र बलों पर भरोसा रखना होगा। चीन बॉर्डर एरिया की जमीन के संरक्षण और शोषण को लेकर नया कानून लेकर आया है। चीनी संसद ने यह कहते हुए कानून पास किया कि चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पवित्र और अहिंसक है। इस नए कानून का भारत-चीन सीमा विवाद पर असर पड़ सकता है। 1 जनवरी, 2022 से यह कानून लागू होगा। इस कानून में यह भी कहा गया है कि चीन समानता, आपसी विश्वास के सिद्धांत का पालन करेगा और लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवादों को बातचीत के जरिए हल करेगा। उन्होंने कहा कि चीन हिंद महासागर क्षेत्र के देशों में लोकप्रियता हासिल करने के लिए धन-बल का इस्तेमाल करता है और पड़ोसी देशों के कर्ज के जाल में फंसने का खतरा है। उन्होंने कहा कि भारत को समुद्री पड़ोसियों को समझाना चाहिए कि वह लंबे समय के लिए उनका मित्र है।



# मोदी ने सपा पर कसा तंज, कहा- यूपी में खूब चली 'भ्रष्टाचार की साइकिल'

नयी दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सिद्धार्थनगर और वाराणसी दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने सिद्धार्थनगर में माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज सहित प्रदेश के नौ मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने आर्ट गैलरी का निरीक्षण किया। पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए जनता को भोजपुरी में प्रणाम किया। संबोधन के बाद पीएम मोदी यहां से वाराणसी के लिए रवाना होंगे। करीब डेढ़ घंटे के वाराणसी दौरे में पीएम मोदी वाराणसी की पांच हजार 190 करोड़ रुपये की 28 विकास परियोजनाएं जनता को समर्पित करेंगे। इस दौरान देश की स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए 65 हजार करोड़ रुपये की प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना का भी शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि सात साल पहले जो दिल्ली में सरकार थी और चार साल पहले जो यहां यूपी में सरकार थी, वो पूर्वांचल में क्या करते थे? जो पहले सरकार में थे, वो वोट के लिए कहीं डिस्पेंसरी की, कहीं छोटे-मोटे अस्पताल की घोषणा करके बैठ जाते थे। सालों-साल तक या तो बिल्डिंग ही नहीं बनती थी, बिल्डिंग होती थी तो मशीनें नहीं होती थीं, दोनों हो गईं तो डॉक्टर और दूसरा स्टाफ नहीं होता था। ऊपर से गरीबों के हजारों करोड़ रुपए लूटने वाली भ्रष्टाचार की साइकिल चौबीसों घंटे अलग से चलती रहती थी। जब योगी को जनता-जनार्दन ने सेवा का मौका दिया तो कैसे उन्होंने दिमागी बुखार को बढ़ने से रोक दिया, इस क्षेत्र के हजारों बच्चों का जीवन बचा लिया।सरकार जब संवेदनशील हो, गरीब का दर्द समझने के लिए मन में करुणा का भाव हो तो इसी तरह काम होता है। पीएम मोदी ने कहा कि क्या कभी किसी को याद पढ़ता है कि यूपी के इतिहास में कभी एक साथ इतने मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण हुआ हो? पहले ऐसा क्यों नहीं होता था और अब ऐसा क्यों हो रहा है, इसका एक ही कारण है, राजनीतिक इच्छाशक्ति और राजनीतिक प्राथमिकता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जिस पूर्वांचल की छवि पिछली सरकारों ने खराब कर दी थी, जिस पूर्वांचल को दिमागी बुखार से हुई दुखद मौतों की वजह से बदनाम कर दिया गया था, वही पूर्वांचल, वही उत्तर प्रदेश, पूर्वी भारत को सेहत का नया उजाला देने वाला है। यूपी के भाई-बहन भूल नहीं सकते कि कैसे योगी जी ने संसद में यूपी की बदहाल मेडिकल व्यवस्था की व्यथा सुनाई थी। योगी जी तब मुख्यमंत्री नहीं थे, सांसद थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि नौ नए मेडिकल कॉलेजों के निर्माण से, करीब ढाई हज़ार नए बेड्स तैयार हुए हैं, 5 हज़ार से अधिक डॉक्टर और पैरामेडिक्स के लिए रोज़गार के नए अवसर बने हैं। इसके साथ ही हर वर्ष सैकड़ों युवाओं के लिए मेडिकल की पढ़ाई का नया रास्ता खुला है। यूपी और पूर्वांचल में आस्था, अध्यात्म और सामाजिक जीवन से जुड़ी बहुत विस्तृत विरासत है। इस विरासत को स्वस्थ, सक्षम और समृद्ध उत्तर प्रदेश के भविष्य के साथ भी जोड़ा जा रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि यहां सिद्धार्थनगर में यूपी के 9 मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण हो रहा है, इसके बाद पूर्वांचल से ही पूरे देश के लिए बहुत जरूरी मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की बड़ी योजना शुरू होने जा रही है। आज केंद्र में जो सरकार है, यहां यूपी में जो सरकार है, वो अनेकों कर्मयोगियों की दशकों की तपस्या का फल है। सिद्धार्थनगर ने भी स्वर्गीय माधव प्रसाद त्रिपाठी जी के रूप में एक ऐसा समर्पित जनप्रतिनिधि देश को दिया, जिनका अथाह परिश्रम आज राष्ट्र के काम आ रहा है। सिद्धार्थनगर के नए मेडिकल कॉलेज का नाम माधव बाबू के नाम पर रखना उनके सेवाभाव के प्रति सच्ची कार्यांजलि है। माधव बाबू का नाम यहां से पढ़कर निकलने वाले युवा डॉक्टरों को जनसेवा की निरंतर प्रेरणा भी देगा।

## सूडान के प्रधानमंत्री समेत कई अधिकारी नजरबंद, सरकारी दफ्तरों में सेना की मौजूदगी

**नयी दिल्ली।** सूडान में तख्तापलट की आशंका है। प्रधानमंत्री अब्दुल्ला हमदोक को सोमवार तड़के सैन्य बलों ने उन्हें नजरबंद कर दिया है। प्रधानमंत्री के मीडिया सलाहकार ने यह जानकारी दी है। मीडिया सलाहकार ने बताया कि सुबह-सुबह यहां की फौज ने प्रधानमंत्री हमदोक को घर में हाउस अरेस्ट कर दिया है। अधिकारियों ने कहा है कि सैन्य बलों ने सोमवार को कम से कम पांच वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को हिरासत में ले लिया, जबकि सूडानीज प्रोफेशनल्स एसोसिएशन पार्टी ने जनता से संभावित तख्तापलट के विरोध में सड़क पर उतरने का आग्रह किया है। सूडान में लोकतंत्र समर्थक मुख्य दल सूडानीज प्रोफेशनल्स एसोसिएशन ने कहा है कि देश में इंटरनेट और फोन के सिग्नल बंद नहीं किए जा रहे हैं। नाम नहीं लिखने की शर्त पर दो अधिकारियों ने कहा कि यह गिरफ्तारी ऐसे वक्त हुई है जब दो सप्ताह पहले ही सूडान के आम नागरिकों और सैन्य नेताओं के बीच तनाव बढ़ गया था।

### ● निरंकुश शासक को हटाने की मांग

इससे पहले पिछले महीने सितंबर में भी सेना ने सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश की थी। हालांकि, सेना द्वारा तख्तापलट की नाकाम कोशिश हुई और अत्यंत रूढ़िवादी इस्लाम समर्थकों को इससे बल मिला जो निरंकुश पूर्व शासक उमर अल-बशीर को व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद सत्ता से हटाने वालों के खिलाफ सैन्य सरकार चाहते हैं। हाल के दिनों में दोनों खेमे सड़कों पर खूब विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।



# बगावती नेताओं से सावधान हुई कांग्रेस

## पार्टी के मेंबरशिप फॉर्म हुआ बदलाव, सार्वजनिक मंच पर आलोचना न करने का देना होगा हलफनामा

नयी दिल्ली।

सार्वजनिक मंचों से अपनी ही पार्टी की आलोचना करने वाले जी-23 नेताओं से कांग्रेस सावधान हो गई है। पार्टी की ओर से एक नवंबर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान को लेकर मेंबरशिप फॉर्म में कई बदलाव किए गए हैं। इसके तहत पार्टी ने दस बिंदुओं का उल्लेख किया है, जिसमें एक शर्त यह भी है कि सदस्यता लेने वाले व्यक्ति को यह हलफनामा देना होगा कि वह पार्टी की नीतियों व निर्णयों की आलोचना सार्वजनिक तौर पर नहीं करेगा। इसके अलावा यह शर्त भी रखी गई है कि सदस्यता लेने वाला कोई भी व्यक्ति कानूनी सीमा से अधिक संपत्ति नहीं रखेगा।

कांग्रेस के मेंबरशिप फॉर्म में साफ तौर पर लिखा है कि- 'मैं धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद व लोकतंत्र के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए सदस्यता लेता हूं। मैं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, खुले तौर पर या किसी तरह से पार्टी मंचों के अलावा, पार्टी की स्वीकृत नीतियों व कार्यक्रमों की आलोचना नहीं करूंगा।'

### ● जी-23 नेताओं ने की थी आलोचना

कांग्रेस की नीतियों व फैसलों को लेकर जी-23 नेताओं ने पूर्व में अपनी ही पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोला था। वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने तो मीडिया से बातचीत के दौरान यहां तक कह दिया था कि 'पार्टी में निर्णय कौन ले रहा है, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। पार्टी का अध्यक्ष कौन है यह ही नहीं पता है। हमारी पार्टी में कोई अध्यक्ष नहीं है।' इसके अलावा गुलाम नबी आजाद ने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर कांग्रेस कार्यसमिति की तत्काल बैठक बुलाने की मांग की थी। उन्होंने अध्यक्ष के चुनाव की भी मांग की थी। इसके अलावा कांग्रेस में युवा बनाम बुजुर्ग नेताओं की लड़ाई भी कई बार सार्वजनिक तौर पर सामने आ चुकी है।

### ● सोनिया गांधी ने दिखाए थे तेवर

सार्वजनिक मंचों पर अपनी ही पार्टी की आलोचना और किरकिरी के बाद सोनिया गांधी ने अपने तेवर जी-23 नेताओं को दिखाए थे। उन्होंने सीधे नाम न लेते हुए जी-23 नेताओं को फटकार लगाई थी और अध्यक्ष की मांग पर साफ कहा था कि मैं ही कांग्रेस की अध्यक्ष हूं और फैसले भी मैं ही ले रही हूं। उन्होंने यहां तक भी कह दिया था कि कुछ भी कहने के लिए मीडिया के सहारे की जरूरत नहीं है।



न्यूज़ अपडेट

## लायंस क्लब द्वारा प्लास्टिक की उपयोग से हानि पर जागरूकता सह पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**देवघर।** लायंस क्लब द्वारा लायन नेहा प्रिया के आवास पर रविवार को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाली हानि पर जागरूकता कार्यक्रम सह पौधारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें चर्चा की गई कि प्लास्टिक सीधे तौर पर पर्यावरण को असंतुलित कर हानि पहुंचाती है। वहीं दूसरी तरफ सब्जी बेचने वाले को कैरी बैग का भी वितरण किया गया ताकि प्लास्टिक हटे।उसकी उपयोगिता पर रोकथाम हो।इसी क्रम में लायंस की अध्यक्ष रूपाश्री ने मौके पर कहा कि प्लास्टिक के निर्माण में उपयोग किए जाने वाले रसायन शरीर के लिए विषाक्त और हानिकारक है। प्लास्टिक के इस्तेमाल से सीसा, कैडमियम और पारा जैसे रसायन सीधे मानव शरीर के संपर्क में आते हैं। ये जहरीले पदार्थ कैंसर, जन्मजात विकलांगता, इम्यून सिस्टम और बचपन में बच्चों के विकास को प्रभावित कर सकते है। वहीं इस दौरान डॉ गौरव, नेहा प्रिया, शोभा ड्रोलिया, नीलम झा सहित अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार मुआवजा राशि भुगतान कैम्प का होगा आयोजन



**देवघर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार देवघर जिला अंतर्गत सरकार के अतिमहत्वपूर्ण परियोजना देवघर - सतसंगनगर भिरखीबाद ( एम ० डी ० आर ० - 235 ) पथ के रोहिणी, नावाडीह, तिलजोरी , देवीपुर एवं चौधरीडीह के बाईपास निर्माण कार्य हेतु मौजा हथियारा , थाना संख्या 294, अंचल देवघर, कुल रकवा - 1.85 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। ऐसे में उक्त अर्जनाधीन भूमि से संबंधित पंचाटियों को नियमानुसार मुआवजा राशि भुगतान करने हेतु मुआवजा राशि भुगतान शिविर का आयोजन दिनांक 26.10.2021 (मंगलवार ) को समय- 10:00 बजे पूर्वाहन में स्थान पंचायत सचिवालय भवन, नावाडीह में किया गया है। इसके अलावे मुआवजा राशि भुगतान कैम्प के आयोजन को लेकर आप सभी संबंधित पंचाटियों से अपील होगी कि मुआवजा राशि प्राप्त करने हेतु उक्त निर्धारित तिथि को वैद्य साक्ष्य के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें, ताकि मुआवजा राशि भुगतान के लिए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई किया जा सके।

## आओ खेले वॉलीबॉल के द्वारा एक दिवसीय वॉलीबॉल मेला आयोजन

**देवघर। आशुतोष झा।** झारखंड वॉलीबॉल संघ के तत्वाधान में एक दिवसीय आओ खेले वॉलीबॉल का आयोजन झारखंड के 24 जिलों में दिनांक 24 अक्टूबर को किया गया। इस संदर्भ में देवघर जिले में भी



एक दिवसीय वॉलीबॉल मेला का आयोजन स्थानीय इनडोर स्टेडियम में झारखंड वालीबॉल एसोसिएशन के तरफ से आए राष्ट्रीय कोष जय शंकर राय और देवघर वॉलीबॉल संघ के सचिव नवीन शर्मा के देखरेख में किया गया है जिसमें देवघर के प्रमुख 5 टीमों ने हिस्सा लिया वालसन बी टीम ने इंडोर फाइटर्स को जबकि वालसल की ए टीम ने इंडोर के बी टीम और कुमैठा टीम को हराया फाइनल में वालसन ए टीम ने वालसन भी को हराकर विजेता का खिताब जीता। विजेता टीम को ट्रॉफी सेवानिवृत्त एनडीसी कामदेव रजक और युवा समाजसेवी संजीव राय के द्वारा दिया गया मौके पर वॉलीबॉल संघ के संरक्षक जैसी राज, युधिष्ठिर राय, दीपक राय, ज्ञान शाही, कृष्ण कुमार वर्णवाल, धर्मेंद्र देव, वीरेंद्र सिंह ,संजय मालवीय, अजय साही, सहित दिलखुश, मुन्ना सिंह, पप्पू राऊत, सानू झा और शेरू राय मौजूद थे। यह जानकारी वॉलीबॉल संघ के सचिव नवीन शर्मा ने दिया।

## देश भर में सौ करोड़ टीकाकरण से उत्साहित हैं स्वास्थ्यकर्मी

● ओल्ड सदर अस्पताल में जारी है टीकाकरण



**देवघर।** पिछले 10 माह में देश भर में कोविड-19 के हुए 100 करोड़ टीकाकरण से स्वास्थ्यकर्मी खासे उत्साहित हैं। इस बीच रविवार को भी जिले के विभिन्न टीकाकरण केंद्र में लोगों को दोनों डोज का टीका देने का काम अनवरत रूप से जारी रहा। इस बीच ओल्ड सदर अस्पताल में चल रहे टीकाकरण की रफ्तार संतोष जनक पाई गई। मौके पर वरीय स्वास्थ्यकर्मी सपन कुमार दास एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर चैतन्य पूरी तन्मयता के साथ अपने काम पर लगे रहे। इनके मुताबिक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के बीच फैली जागरूकता के कारण टीकाकरण में तेजी आई है। वहीं सम्पूर्ण भारत मे हुए 100 करोड़ टीकाकरण से अब स्वास्थ्यकर्मी भी उत्साहित नजर आ रहे हैं। फिलहाल जानकारी के मुताबिक ओल्ड सदर अस्पताल में कोविशिल्ड एवं कोवैक्सिन की दोनों डोज उपलब्ध है। जिले के इस पुराने अस्पताल से लोगों का वर्षों से जुड़ाव रहा है। नतीजतन ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश लोग इस केंद्र पर आते हैं। राज्य भर में देवघर के उल्लेखनीय टीकाकरण में इस केंद्र का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

# 13 वीं जिला कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न

## प्रतियोगिता में कुल 137 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

## खेल पदाधिकारी ने विजयी प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**देवघर। विक्रम कुमार**





आजादी की 75 वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के अवसर पर 13 वी देवघर जिला ग्रीको रोमन, फ्री स्टाइल (बालक/ बालिका) कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन संत माइकल एंग्लो विद्यालय, ऑफिसर कॉलोनी में किया गया। सर्वप्रथम बजरंगबली की तस्वीर पर माल्यार्पण कर, नारियल फोड़कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन कुश्ती संघ के अध्यक्ष विजय प्रताप सनातन एवं संत माइकल स्कूल के निदेशक डॉ जेसी राज ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए देवघर जिले के विभिन्न प्र-खंडों मार्गो मुंडा, सारठ, सारवां, मधुपुर, देवीपुर, मोहनपुर, सोनारायथाडी़ से 137 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन सत्र में देवघर जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी ने सभी सफल प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया। सफल प्रतिभागी इस प्रकार है केशव, अंशु मोदी, सोनु मोदी, इशु सिंह, सोनु कुमार, दशरथ, दीपक, आदित्य, रौनक सिंहा, अर्पित, राहुल, रितुराज, आशीष, अकित, मनोरंजन पाठक, गौरव राज, अरुण, अक्षय, राजीव, त्रृशभ, शिवम कुमार, प्रवीण कुमार पंकथ कुमार, मोनिका, निर्मला, नेहा, प्रिती, दीपा, चंदा कुमारी महिमा देव, प्रियंका कुमारी अनिशा कुमारी, काजल कुमारी, लखी कुमारी।

● **विजेता टीम-बैजनाथपुर अखाड़ा उपविजेता टीम- मार्गो मुंडा**

खिलाड़ियों को हौसला बढाने के लिए प्रीति कुमारी, अभिजीत सिंह, कुंदन शर्मा, विक्की रमानी, घनश्याम राणा, नीलेश सिंह मौजूद थे। सभी विजयी प्रतिभागी 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सरायकेला खरसावां में आयोजित होने वाले सीनियर झारखंड राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, जिसके लिए कल से 29 अक्टूबर तक प्रशिक्षण शिविर मे अभ्यास करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन देवघर जिला कुश्ती संघ के सचिव संजीव कुमार झा के द्वारा किया गया।

# एक छात्र को सैनिक जीवन जीने का मौका देती है एन सी सी : हर्ष शेठी

## देश भक्ति का पाठशाला है एन०सी०सी : शंकर लाल सिंह

**देवघर। आशुतोष झा**

सोमवार को आयोजित 36 झारखण्ड बटालियन एन०सी०सी धनबाद का आज तीसरे दिन कैडेटों को राइफल ड्रिल, 22 राइफल को खोलना, जोड़ना तथा ×फायर फाइटिंग के बारे मे झारखंड अग्निशमन सेवा के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। जिसमें आग से कैसे बचे जाता है।गैस सिलेंडर में आग लग जाए, उसके उपाय के बारे मे बताया गया। पदाधिकारी भगवान झा व उनके टीम के द्वारा बताय गया। मिलेट्री चिन्ह, लीडरशिप ट्रैड, खेल, संस्कृति कार्यक्रम के लिए कैडेटों का चयन। कामन अधिकारी (सी०ओ०) हर्ष शेट्टी ने कहा कि एनसीसी एक स्वैच्छिक प्रशिक्षण जो हमारे भारत की सेना के लिए सैन्य छात्रों को प्रशिक्षण देती है। जिससे एक छात्र को सैनिक जीवन जीने का मौका देती। एडम अधिकारी शंकर लाल सिंह ने कहा कि देश भक्ति का पाठशाला है एन सी सी। जिसमें मुख्य रूप से ऐडम अधिकारी शंकर लाल सिंह, सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह, देवघर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बसंत कुमार गुप्ता जेसीओ, नायक, सूबेदार इत्यादि ए एन ओ कैप्टन डॉ राजेश कुमार सिंह लेफ्टिनेंट डॉ रंजीत कुमार सिंह, लेफ्टिनेंट डॉ संजय सिंह, महिला ए एन ओ शिखा रानी महतो, जीसीआई ऋचा राज आदि उपस्थित थे।



आज टॉक टू डीसी

## टॉक टू डीसी कार्यक्रम से जुड़कर अपने सुझावों व समस्याओं को रखें उपायुक्त के समक्ष

**देवघर।**



सोमवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा टॉक टू डीसी ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन पूर्वाहन 11:00 बजे से किया जाएगा। कोरोना काल में स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम से जुड़ने हेतु जिलावासी अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्रों के माध्यम से अपने समस्याओं व सुझावों को उपायुक्त के समक्ष रख सकते हैं। प्रत्येक सोमवार को पूर्वाहन 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे के तक टॉक टू डीसी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि आम व्यक्ति अपनी समस्याओं एवं सुझावों को प्रज्ञा केंद्रों के माध्यम से जिला प्रशासन के समक्ष रख सके।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखण्डों में सेवा दिवस कैम्प का आयोजन कर पीएम आवास योजना के लाभुकों को किया गया लाभान्वित

**देवघर। विनय कुमार केशरी**

रविवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार जिले के सभी दस प्रखंडों के प्रखंड कार्यालय में सेवा दिवस कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 194 पंचायत अन्तर्गत लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के उदेशय से लाभुकों की समस्याओं का निदान करते हुए 2021-2022 में चयनित लाभुकों की पहली किस्त की राशि लाभुकों के खातों में हस्तांतरित की गई। इसके अलावे सेवा कैम्प के माध्यम से पूर्व के वित्तीय वर्ष में आवेदन करने वाले वैसे लाभुक जिनका पूर्व में आवास स्वीकृत हुआ है परंतु किसी कारण से ×िकस्त की राशि बाकी है, वैसे लाभुकों के समस्याओं का निराकरण सेवा कैम्प के माध्यम से किया गया, ताकि आवास निर्माण कार्य को गति देते हुए लाभुकों को समय पर किशत की राशि उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही एक दिवसीय सेवा कैम्प में पीएम आवास योजना का कैसे इसका लाभ उठा सकते हैं, इसकी विस्तृत जानकारी सभी को दी गई। वही उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला स्तर के वरीय अधिकारियों द्वारा प्रखण्डों में आयोजित सेवा कैम्प के तहत किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया।



## समाजसेवी सुनील खवाड़े ने दहिजोर काली मंदिर निर्माण में दिया 75 हजार रुपये का सहयोग

**देवघर। रमेश चंद्र झा**

देना तो हमें प्रकृति रोज ही सिखाती है। सूर्य अपनी रोशनी, फूल अपनी खुशबू, पेड़ अपने फल, नदियां अपना जल, धरती अपना सीना छलनी करके भी दोनों हाथों से हम पर अपनी फसल लुटाती है। इसके बावजूद न तो सूर्य की रोशनी कम हुई, न फूलों की खुशबू, न पेड़ों के फल कम हुए, न नदियों का जल। ऐसा मानना है पूरे शहर जिसे प्यार से भाई जी कह के पुकारते हैं सुनील खवाड़े का। जननायक सुनील खवाड़े ने दहिजोर में निर्माणाधीन काली मंदिर में ढलाई के लिए 75 हजार की सहयोग राशि भेजवा कर मंदिर ढलाई में अपना योगदान दिया। सुनील खवाड़े ने मंदिर निर्माण में दिये जाने वाले सहयोग को एक यज्ञ बतलाते हुए लोगों का आ''ान करते हुए कहा कि इसमें आप यथा शक्ति अपनी -अपनी आहूती जरूरी डालें। श्री खवाड़े ने आगे कहा कि मंदिर में गूंजने वाली शंख और घंटियों के स्वर वातावरण को शुद्ध करने के साथ ही आपके मन और मस्तिष्क को भी तरोताजा कर देते हैं। जिससे मन-मस्तिष्क में सकारात्मक भाव आता है और अच्छे विचार आते।

● **मंदिर में गूंजने वाली शंख और घंटियों के स्वर वातावरण को शुद्ध करने के साथ ही आपके मन और मस्तिष्क को भी तरोताजा कर देते हैं : सुनील खवाड़े**



## कॉमन मैन' का 'अनकॉमन' कार्टूनिस्ट आर के लक्ष्मण : डॉ जे.सी. राज

### समाज के विरोधाभास और विसंगतियों को प्रस्तुत करके हमें हंसाने के साथ-साथ सोचने पर मजबूर करते रहे आर के लक्ष्मण का कार्टून : डॉ. जे.सी राज



**देवघर।**

कार्टूनिस्ट समाज की समस्याओं और कुरीतियों पर कार्टून के माध्यम से कटाक्ष करते हैं।साथ ही कई बार इसके जरिए सकारात्मक संदेश भी प्रदान किया जाता है। उक्त बातें संत माइकल एंग्लो विद्यालय के प्राचार्य डॉ.जे.सी. राज ने प्रख्यात कार्टूनिस्ट आर के लक्ष्मण के जन्मदिन पर उन्हें नमन करते हुए कहा। डॉ. राज ने आर.के. लक्ष्मण को महान कार्टूनिस्ट बताते हुए कहा कि उन्होंने देश के समसामयिक मुद्दों पर कार्टून बनाया और जनता का ध्यान आकर्षित भी किया। उनके कार्टून कॉलम देखने के लिए लोग अखबार खरीदा करते थे। डॉ. राज ने कहा कि कार्टूनिस्ट, व्यंग्यकार या चित्रकार कबीर दास जी के मार्ग का अनुसरण करते हैं। वे हमेशा निर्भीक, निष्पक्ष और निडर होकर कार्य करते हैं। वे शब्दों और भावनाओं को लकीरों में उकेरते हैं, जो कि अत्यंत कठिन कार्य है। लंबे समय तक कार्टूनिस्ट आर.के लक्ष्मण के कार्टून समाज के विरोधाभास और विसंगतियों को प्रस्तुत करके हमें हंसाने के साथ-साथ सोचने पर मजबूर करते रहे। गोया कि आर. के लक्ष्मण के कार्टूनों में आम आदमी, अन्याय व असमानता का दर्शक मात्र है। उसने तंग कोट पहना है। उसकी बगल में छाता है और उसके सिर्फ तीन या चार बाल खड़े हैं। उसके ये बाल अनुत्तरित प्रश्नों की तरह खड़े हैं। आर.के लक्ष्मण की निगाह में राजा और रंक में कोई भेद नहीं है।



न्यूज़ अपडेट

## रामलीला महोत्सव प्रथम दिन गुरु वशिष्ठ द्वारा पुत्रेष्ठी यज्ञ का किया गया आयोजन



**देवीपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डाक-बंगला परिसर देवीपुर स्थित हनुमान मंदिर के निकट रविवार से काशी बनारस के रामलीला मंडली के द्वारा भव्य रामलीला महोत्सव प्रारंभ किया गया जो 3 नवम्बर तक चलेगा। प्रतिदिन संख्या सात बजे से रामलीला का मंचन किया जायेगा। रविवार को राजा दशरथ के द्वारा गुरु वशिष्ठ के द्वारा पुत्रेष्ठी यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान राम के जन्म दिखाया गया है। भगवान के जन्म के साथ ही अयोध्या में हर्ष छा गया। अयोध्या में श्रीराम के जन्म पर महिलाओं ने शौहर के गीत गाकर, नाचते थिरकते नजर आये। वहीं 3 नवम्बर को रावण बध और श्रीराम के राज्याभिषेक, राजतिलक के साथ रामलीला का समापन किया जायेगा। रामलीला का आयोजन काशी वाराणसी निवासी व्यास पीठ के अनुज द्वेवेदी, महन्त श्रीकांत जी महाराज के द्वारा किया गया। जिसमें रामलीला मंडली के दर्जनों कलाकार मौजूद थे।

## सतैली माँ ने पुत्र पर लगाया मारपीट का आरोप



**सारठ।** सारठ थाना क्षेत्र के डिंडाकोली निवासी एक सौतेली माँ ने बेटे पर मारपीट का आरोप लगाया है। इसको लेकर वे अपने तीन छोटे छोटे बच्चें को लेकर थाना पहुँची। घटना के संबंध में पीड़िता शोभा देवी ने बताया कि इनका सौतेला पुत्र एतवारी पंडित व उनके पत्नी द्वारा बराबर मारपीट किया जाता है। वही बताया कि बेटे द्वारा घर से बाहर निकाल देने की बात कर बराबर मारपीट किया जाता है। वही रविवार के सुबह भी मारपीट कर भगा देने की बात कही व इसको लेकर पीड़ता थाना पहंची है। वही उनका सौतेला बेटा एतवारी पंडित ने बताया कि आरोप निराधार है। हम मजदूरी कर अपना परिवार का भरण पोषण करते है। लेकिन मुझे सौतेली माँ द्वारा झूटे केस में फसाने की धमकी देती है। वही इसको लेकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## जिला परिषद भाग संख्या 8 के लिए चिरंजीव यादव ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**सारवाँ ।** सारवां प्रखंड भाग संख्या 8 के जिला परिषद प्रत्याशी चिरंजीव यादव के द्वारा लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। बनदाजोरी पंचायत के हरदकोल में जनता से मिलते हुए वहां का जनता के द्वारा खुलकर समर्थन किया गया। जनता का कहना है कि एक बार फिर से जिला परिषद के रूप में चिरंजीव भैया को देखना चाहते हैं। वहां के ग्रामीण बताते हैं कि दिन हो या रात कभी भी किसी भी संकट की घड़ी में याद करते हैं। वह तुरंत हम लोगों के बीच हाजिर होता है। इसलिए हम लोग खुलकर भैया का समर्थन करते हैं।

## युवा प्रत्याशी सुमन यादव ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**सारवां।** प्रखंड क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य भाग संख्या 7 के जिला परिषद सदस्य के संभावित प्रत्याशी सुमन यादव ने भंडारो पंचायत के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में वोट देने की अपील की मौके पर कहा कि मुझे सेवा करने का मौका दें विकास की गंगा बहा देंगे साथ ही क्षेत्र के समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा इस अवसर पर विमल यादव, कंचन यादव सहित दर्जनों समर्थक मौजूद थे।

## पहले पति के साथ मारपीट किया फिर थाने में समझौता कर पत्नी को मनाया



**मधुपुर। इम्तियाज ।** मधुपुर शहर के चांदमारी मोहल्ला के रहने वाली हलीमा खातून ने अपने पति पर मारपीट व प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए मधुपुर थाने में शनिवार शाम को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने पीड़ित महिला के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके पति लुकमान अंसारी को पकड़ कर मधुपुर थाने ले आया। पीड़ित महिला ने बताई कि मेरे पांच बच्चे हैं और पति द्वारा बराबर मारपीट किया जाता है। जिससे मैं तंग आ गई और आज पति ने फिर मेरे साथ मारपीट किया है। वहीं रविवार की सुबह पति और पत्नी ने आपस में सुलहनामा कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने बताया कि दोनों के पांच छोटे-छोटे बच्चे हैं। जिस कारण पति के द्वारा बोंड किया कि दोबारा फिर कभी पत्नी के साथ मारपीट नहीं करेंगे। वहीं आवेदिका पत्नी के समझौता करने पर एएसआई निर्भय कुमार सिंह के द्वारा कड़ी हिदायत देकर पति को छोड़ दिया गया और दोनों राजी खुशी से अपने घर चले गए।

## सबैजोर पंचायत के मुखिया पद के लिए प्रत्याशी होगी लख्खी देवी



**सारठ। जेपी पत्रकार ।** जैसे-जैसे पंचायत चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे वैसे प्रत्याशियों में जोश भरते हुए नजर आ रहा है। सारठ प्रखंड क्षेत्र के सबैजोर पंचायत के मुखिया पद के लिए डंडपोखर के रहने वाले शेखर राय का पत्नी लख्खी देवी चुनाव लड़ेगी। यह जानकारी शेखर राय ने खुद हमारे संवाददाता जेपी पत्रकार को दिया है। शेखर राय ने कहा कि बरसों से जनता की सेवा करते आ रहे हैं। जिसका आज जनता से आशीर्वाद की अपेक्षा है मुझे। उन्होंने यह भी कहा कि दिन हो या रात हर समय जनता का सेवा किया हूं और आगे भी करते रहेंगे। आज जनता मुझे आशीर्वाद के रूप में वोट देकर विजय बनाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में जनता का भरपूर सहयोग मुझे मिल रहा है, मुझे पूर्ण विश्वास है कि चुनाव में परचम लहराएंगे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी हेतु विशेष कैम्प आयोजित

देवीपुर।राजेंद्र झा 'उन्मुक्त'



देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर रविवार को देवीपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीडीओ अभय कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नये आवास के लाभार्थी को विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें राजपुर, झुंडी, दरंगा, टकियो, बारवां, हुसैनाबाद, कसाठी, फूलकरी, महुआ टांड़, अमडीहा, रामूडीह, बाघमारी, धबौना, भोजपुर, जीतजोरी पंचायतों के कुल पचास लाभुकों के बीच बीडीओ अभय कुमार ने स्वीकृति पत्र प्रदान किया। बीडीओ ने सभी लाभार्थियों से कहा यह आपके लिए सौभाग्य की बात है कि आपको आवास योजना के तहत लाभ मिला है। आप अपने घर का तेजी से निर्माण करें। यदि कोई बिचौलिया आपसे पैसे की मांग करे तो तुरंत इसकी शिकायत हमें शीघ्र करें। प्रधानमंत्री आवास योजना में कोई अवैध रूप से वसूली करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर झुंडी पंचायत के मुखिया लखन हांसदा, बीपीआरओ रविशंकर पासवान, बीपीओ विवेक कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी पंकज कुमार, बीपीएम आवास राहुल कुमार झा, रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष भवेश कुमार चिंतामणि यादव सुबोध कुमार गौरव राजेन्द्र यादव, रोहित कुमार, आशुतोष झा, रंजीत सिन्हा, पंचायत सचिव हलधर राणा, दिनेश सिंह, विपिन बिहारी सिंह, दिलीप राय, संजय मंडल, पन्द्रहवीं वित्त योजना के बीपीएम पंकज कुमार, अजीत कुमार तिवारी, सुधीर शुक्ला, विकास कुमार सिंह, उत्तम कुमार झा, धर्मेश कुमार समेत दर्जनों की संख्या में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और आवास के लाभुक मौजूद थे।

## रंगे हाथ धराया मोबाइल छोर, भेजा गया रिमांड होम

देवीपुर। राजेंद्र झा 'उन्मुक्त'

थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय स्थित देवीपुर बाजार के निकट लगने वाले साप्ताहिक हाट में सब्जी खरीदने आए देवघर जिला के टाउन थाना क्षेत्र के हिरना गांव निवासी शैलेंद्र कुमार सिंह ने देवीपुर थाना में आवेदन देकर कहा है कि शुक्रवार को देवीपुर हॉट में सब्जी खरीदने के क्रम में एक नाबालिग चोर द्वारा उनके पाकेट से एक एन्ड्रायड मोबाइल चोरी कर लिया। श्री सिंह ने उस चोर को उसके पॉकेट से मोबाइल निकालते समय चोर को रंगे हाथ पकड़ लिया एवं देवीपुर थाना को सुपुर्द कर दिया। आवेदन के थाना प्रभारी प्रेम प्रदीप कुमार ने घटना को लेकर देवीपुर थाना में मामला दर्ज कर लिया गया। जिसका कांड संख्या- 170/21, धारा- 379, 411 प्राथमिकी में दर्ज है। पुलिस द्वारा चोर से काफी पूछताछ करने पर बताया कि हमारे गिरोह में चार लड़के शामिल हैं।

जिसे गिरफ्तार कर थाना लाया गया एवं चारों चोरों को बाल सुधार गृह दुमका भेज दिया गया। जानकारी हो कि एक चोर बिहार के भागलपुर जिला एवं तीन चोर पश्चिम बंगाल के बर्दमान जिला के बताए गए हैं। विदित हो कि पिछले कई दिनों एक माह से यह सभी नाबालिग चोर हटिया सब्जी खरीदने आये लगभग दो दर्जन लोगों के पॉकिट से मोबाइल चोरी कर चुका है।

## प्रशिक्षित पारा शिक्षक संघ ने की बैठक,सरकार पारा शिक्षकों का हित का रखे ख्याल : अध्यक्ष रोहित कु सिंह

सारठ।



रविवार को सारठ प्रखण्ड के सभी पारा शिक्षकों ने प्रशिक्षित पारा शिक्षक संघ की बैनर तले सारठ बालक मध्य विद्यालय में बैठक आहूत की गई। बैठक में उपस्थित पारा शिक्षकों द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित नियमावाली का ड्राप्ट सरकार संध के अगुवाई साथी को जल्द से जल्द सौपे। साथ ही प्रस्तावित नियामवली में प्रशिक्षित पारा शिक्षक के हितों का भी ध्यान रखा जाय। वही पारा शिक्षक संघ के अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह एवं स्टेरिंग कमिटी के अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने कहा कि आगामी 15 नवम्बर तक सरकार पारा शिक्षकों की ख्याल रखते हुवे उनके मांगों पर विचार करे नही तो बाध्य होकर पारा शिक्षक संघ द्वारा आंदोलन किया जाएगा। वही उपस्थित सभी पारा शिक्षकों द्वारा निर्णय लिया गया कि संघ को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रखंड क्षेत्र के सभी पारा शिक्षकों को मजबूती प्रदान करने के लिए संध के साथी प्रत्येक संकुलों का दौरा कर सभी पारा शिक्षकों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में संघ के सचिव प्रद्युम्न कुमार, उपाध्यक्ष श्रीराम रवानी, प्रमोद झा, वीरेंद्र शाही, श्रीकांत वर्मा, प्रकाश कापड़ी, अशोक मिश्रा, सुनील यादव, तरुण तिवारी, मनोज कुमार राय, राजेश्वर कुमार सिंह सहित अन्य पारा शिक्षक उपस्थित थे।

## सारठ प्रखंड सभागार में प्रधानमंत्री आवास सेवा केम्प का आयोजन

- 2021 -22 के चयनित लाभुकों के पहली किस्त मिला


सारठ।



उपायुक्त देवघर के निर्देनुसार रविवार को प्रखंड सभागार में आवास सेवा कैम्प का आयोजन बीडीओ पल्लवी सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया ।2021 -2022 में विभागीय लक्षय के अनुरूप स्वीकृत आवास के लाभुकों के खाते में भुगतान किया गया। वहीँ 2016 से 2021 के बीच स्वीकृत सभी आवासों में जो आवास अभी तक अपूर्ण है उसे यथाशीघ्र पूर्ण करने एवं जीन स्वीकृत आवासों का निर्माण हो चुका है परंतु उनका भुगतान लंबित है उन्हें यथाशीघ्र भुगतान करने का भी निर्देश दिया गया। विडियो ने बारी बारी से सभी पंचायतों में स्वीकृत आवासों के अपूर्ण रहने का कारण पूछा एवं यथाशीघ्र पूर्ण करने के साथ लाभुकों लंबित भुगतान को भी जल्द से जल्द भुगतान करने का सख्त निर्देश दिया।वहीँ मनरेगा के भुगतान में हो रही परेशानियों को हर हाल में दूर कर लाभुक या उसके परिवार के सदस्यों के जॉब कार्ड के माध्यम से मजदूरी भुगतान करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ डेविड गुड़िया, पीएम आवास योजना के प्रखंड समन्वयक मोहन महरा, पंचायती राज समन्वयक विकी कुमार, पंचायत सचिव सुबल मंडल, मोहम्मद अजहर, शंभु दास, रोजगार सेवक गणेश मिश्रा, द्वारिका यादव कम्प्यूटर ऑपरेटर नज़रुल मिर्जा, संजय कुमार, संतोष वर्मा समेत अन्य कई कर्मी मौजूद थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की हुई मौत, रेल पुलिस छानबीन में जुटी

मधुपुर।



मधुपुर स्टेशन पर रविवार को ट्रेन के चपेट में आने से एक अज्ञात 70 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी थाना प्रभारी हरे राम दुबे, एएसआइ कलिंदर साहू व आरपीएफ के एएसआइ शशि भूषण प्रसाद सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन किया। रेल थाना प्रभारी हरिराम दुबे ने बताया कि घटना मधुपुर स्टेशन के तीन नंबर प्लेटफार्म पर घटी हैं। शव की पहचान नहीं हो पायी है। मृतिका लाल और सफेद रंग की साड़ी पहनी हुई है। डाउन रक्सौल हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन खुलने के बाद महिला का शव रेलवे पटरी पर दिखाई दिया। बताया कि संभवत ट्रेन में चढ़ने के दौरान पैर फिसलने से महिला ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। पंचनामा कर के शव को पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इस संबंध में मधुपुर रेल थाना में एक यूडी केस दर्ज किया गया है। रेल पुलिस शव की पहचान के लिए छानबीन में जुट गई है।

## मधुपुर ताइक्वांडो क्लब द्वारा डेमो का उद्घाटन मंत्री हफीजुल हसन ने किया



**मधुपुर। इम्तियाज ।** रविवार को मधुपुर के स्थानीय अग्रसेन भवन के सभागार में मधुपुर ताइक्वांडो क्लब द्वारा डेमो का उद्घाटन सूबे के अल्पसंख्यक कल्याण, कला संस्कृति, खेलकूद, मंत्री हफीजुल हसन ने किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि ताइक्वांडो सिर्फ खेल नहीं आत्मरक्षा के लिए जरूरी है। मधुपुर में ताइक्वांडो के कई मेधावी खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपना मुकाम हासिल कर सकते हैं जल्द ही मधुपुर में ताइक्वांडो का डे बोर्डिंग प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। मधुपुर ताइक्वांडो क्लब को सरकारी स्तर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा। वहीं मधुपुर के खिलाड़ी आगामी 28 नवंबर को आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मौके पर ताइक्वांडो क्लब के द्वारा मंत्री हफीजुल हसन और झारखंड के ताइक्वांडो कोच अनुराग शर्मा को सम्मानित किया गया ।मधुपुर ताइक्वांडो क्लब के प्रशिक्षक दीपक मैसी ने बताया कि 21वीं झारखंड राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पूर्वी सिंहभूम जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा कराया जाएगा। प्रतियोगिता में सीनियर, जूनियर, सब जूनियर बालक बालिका दोनों वर्ग के लिए इवेंट होंगे। कुल 80 स्वर्ण, 80 रजत और 160 कांस्य पदक के लिए खिलाड़ी आपस में मुकाबला करेंगे। इसमें झारखंड ताइक्वांडो एसोसिएशन से संबद्ध जिला इकाइयां हिस्सा लेगी टीमों को जिला एसोसिएशन चुनकर भेजेगी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को संबंधित जिला संघ में अपना रजिस्ट्रेशन कराना है।

## झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन जिला इकाई की हुई बैठक

**पाकुड़।** जिला मुख्यालय के गोकुलपुर स्थित लड्डू बाबू आम बागान में झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन के पाकुड़ जिला इकाई की बैठक रूथ किस्कू की अध्यक्षता में हुई. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा एवं पलामू जिला संयोजक महेंद्र जी उपस्थित थे। बैठक में सबसे पहले आंगनवाड़ी कर्मियों की समस्याओं को लेकर चर्चा किया गया और साथ ही साथ इन समस्याओं को दूर करने के लिए आने वाले दिनों में आंदोलन की रूपरेखा पर विचार किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे बालमुकुंद सिन्हा ने उपस्थित कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि 2019 आंगनबाड़ी कर्मियों के द्वारा आंदोलन किया गया था ।

# मधुपुर में नवनिर्वाचित केन्द्रीय समिति के सदस्यों जोरदार स्वागत हुआ

मधुपुर।



पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस शाखा मधुपुर कार्यालय कक्ष में शनिवार शाम एक स्वागत समारोह आयोजित कर संगठन में नवनिर्वाचित केन्द्रीय समिति के चार सदस्यों रेल कर्मचारियों ने जोरदार स्वागत किया। मौके पर मेंस कांग्रेस यूनियन संगठन मधुपुर शाखा सचिव व अध्यक्ष समेत यूनियन के सभी सदस्यों के द्वारा नवनिर्वाचित रेल पदाधिकारी को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बताया जाता है कि पिछले महीने 28 वॉ पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस का सेंट्रल बॉडी संगठन का चुनाव पाकुड़ में हुआ था। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि एनएफआईआर के महामंत्री डॉ एम रघुवैय्या के देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ था। जिसमें आसनसोल रेल मंडल के पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस आसनसोल रेल संगठन चुनाव में सुधीर चटर्जी को संयुक्त महासचिव, दशरथ ठाकुर को उपाध्यक्ष एवम डीसी हलधर व गौतम प्रसाद को आयोजन सचिव चुना गया था । मौके पर नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने कहा कि रेल मंडल के यूनियन के संगठन में रेल विभिन्न पदों के लिए जो जिम्मेदारी दी गई है। उसे ईमंदार पूर्वक उसकी जिम्मेदारी निभाऊंगा। रेल कर्मियों की समस्याओं को वरीय पदाधिकारी तक रखा जाएगा। संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता भी बढ़ाई जाएगी। मौके पर शाखा सचिव सरोज कुमार मिश्रा, पूर्व शाखा सचिव एसके चटर्जी, पूर्व शाखा अध्यक्ष भोलाराम, मणिकांत भगत, एक के देव, पंकज चंद्र, प्रशांत चंद्र, रितेश पांडे, संजय हेंब्रम, भुनेश्वर रावत, एसके सिन्हा, अमन कुमार, ओपी पंडित, आरएन दास, शिव शंकर कुमार, संतोष कुमार, आनंदी ठाकुर, महेंद्र, अरुण कुमार, एस के यादव, पीके रजक, एस के सिंह, रजनीश रंजन आदि रेल कर्मी उपस्थित थे।

# वॉलीबॉल मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीण प्रतिभाओं ने की भागीदारी

## भव्यता से आयोजित किए जाएंगे आगामी वालीबॉल प्रीमीयर लीग

दुमका:

झारखंड वॉलीबॉल संघ के निर्देश के आलोक में सूबे के विभिन्न जिलों में वॉलीबॉल मेले का आयोजन किया गया. दुमका के पुलिस लाइन में आयोजित इस मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीण प्रतिभाओं ने खेल में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया. विभिन्न जगह से आए खिलाड़ियों ने टीम बनाकर मैच खेले.भाग लेने वाली टीमों में ए एन सी सी, गिद्धनी पहाड़ी वॉलीबॉल टीम, पंचायत टीम गिद्धनी, वॉलीबॉल वारियर्स, करा सुनो टीम, टीम एबी, शिकारीपाड़ा वॉलीबॉल क्लब, ताराजोरा वालीबॉल क्लब, पुलिस लाइन वॉलीबॉल टीम तथा जिला स्कूल की टीम थी. सभी टीमों के बीच आपसी मैचों में जोरदार संघर्ष देखने को मिले. इन मैचों के दौरान ग्रामीण क्षेत्र के कई बेहतरीन प्रतिभाओं ने अपने शानदार खेल से उपस्थित दर्शकों को काफी प्रभावित किया. मैच के दौरान वॉलीबॉल के कई नियमों को जानबूझकर शिथिल रखा गया था. इस संबंध में पूछे जाने पर जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव मुकेश कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई बच्चे नियमित रूप से वॉलीबॉल का अभ्यास करते हैं, परंतु उन्हें विभिन्न प्रकार के नियमों की सही सही जानकारी नहीं होती. मेला का उद्देश्य इन ग्रामीण क्षेत्रों में खेलने वाले खिलाड़ियों की क्षमताओं का आकलन करना मात्र है. ऐसे प्रतिभा को पहचान कर उन्हें जिला स्तर पर बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा,



ताकि वह भविष्य में अपने खेल कौशल को और निखार सकें.

वॉलीबॉल मेले का उद्घाटन के अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए दुमका के सार्जेंट मेजर प्रमोद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सभी खिलाड़ी अनुशासित होकर बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करें. कारण खेलकूद का असल उद्देश्य आपसी मेलजोल और सद्भावना को बढ़ावा देना है.बताया कि इस वर्ष और भव्यता के साथ दुमका वॉलीबॉल प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा.गत वर्ष इस लीग में पांच टीमें भाग ली थी. इस वर्ष इसे बढ़ाकर आठ किया जा सकता है. साथ ही खिलाड़ियों की नीलामी के लिए उनका बेस प्राइस के साथ साथ मिलने वाली पुरस्कार राशि भी बढ़ाया जाएगा उन्होंने दुमका वॉलीबॉल प्रीमियर लीग में अधिक से अधिक टीमों के भाग लेने की अपील की.

इस अवसर पर जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष विमल भूषण गुहा, कार्यकारी अध्यक्ष सूरज केसरी, सचिव मुकेश कुमार, जिला खेलकूद संघ के मीडिया संयोजक मदन कुमार, झारखंड कबड्डी संघ के कोषाध्यक्ष हैदर हुसैन, वॉलीबॉल प्रशिक्षक संदीप गिरी, अमित पाठक, दाऊद अली, संतोष कुमार गोस्वामी, विनय कुमार सिंह, अरुण कुमार तिवारी तथा देव कुमार सेन सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और दर्शक उपस्थित थे.

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

दुमका

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत हंसडीहा क्रिकेट स्टेडियम में टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट का पहला उद्घाटन मैच महेशकुतरो बनाम केंदुआ खेला गया। इस टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी यह 6 दिनों तक चलेगा इसका फाइनल मैच 29 तारीख को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में हंसडीहा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव की 16 टीमें भाग लेंगी। इस टूर्नामेंट के




आयोजन से लोगों में पुलिस की छवि और बेहतर बन सकेगी एवं ज्यादा से ज्यादा लोग प्रशासन से जुड़ेंगे। इस टूर्नामेंट में पत्रकार एकादश एवं प्रशासन एकादश के बीच भी मैच रखा गया है जिससे कि प्रशासन एवं पत्रकार के बीच आपसी संबंध बेहतर हो सके।

## दीपावली एवं छठ पर्व नजदीक, सफाई व्यवस्था नदारद

बौंसी। कुमार चंदन

विदित हो कि दीपावली एवं छठ पर्व शुरू होने में काफी कम समय बचे हुए हैं। जिसको लेकर बाजार की साफ-सफाई नहीं हो पाई है। सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने के कारण जगह जगह कचरे का अंबार पड़ा हुआ है। वहीं छठ घाट जाने वाले रास्ते में कई जगहों पर कूड़े का अंबार पड़ा हुआ है। जबकि कई जगहों पर सड़क किनारे नाला का पानी भी बह रहा है। रविवार को छुट्टी होने के कारण बाजार में साफ सफाई नहीं होने से जगह-जगह पर गंदगी बिखरी हुई है। मालूम हो कि, बाजार से लेकर आसपास के ग्रामीण इलाको के 42 वार्ड की साफ सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी करीब 5 महीने से नगर पंचायत के जिम्मे है। परंतु सफाई कर्मियों की अल्पसंख्यकता के कारण सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। बता दें कि, सिर्फ 26 सफाई कर्मियों से बाजार से लेकर मंदार तक की साफ सफाई कराई जा रही है। वहीं सफाई कर्मचारियों को समय से मजदूरी नहीं मिलने के कारण सफाई कर्मी भी काम में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। जबकि अब तक नगर पंचायत द्वारा कूड़ा डंपिंग के लिए भी जगह चिन्हित नहीं की गई है। जिस वजह से बाजार की गंदगी सड़क किनारे इधर-उधर फेंकी जा रही है।

● **क्या कहते हैं स्थानीय लोग**

मालूम हो कि, बौंसी नगर पंचायत क्षेत्र में आ तो गया है, परंतु आज तक साफ सफाई नहीं हुई है। जानकारी देते हुए झपनियां निवासी शुभम कुमार झा ने बताया कि, सफाई नहीं होने से काफी दिनों से मुख्य ग्रामीण सड़क पर नाला का पानी बह रहा है। छठ महापर्व में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं पंडा टोला निवासी बाबू झा ने बताया कि, मोहल्ले की सफाई नहीं होने से गंदगी का अंबार पड़ा हुआ है। नगर पंचायत द्वारा आज तक साफ सफाई नहीं की गई है। वहीं डेम रोड निवासी केशव कुमार ने बताया कि, बेहतर साफ सफाई नहीं होने से अक्सर गंदगी सड़क पर ही फेंकी हुई रहती है। अब तक कूड़ा रखने के लिए डस्टबिन की भी व्यवस्था नहीं की गई है। इस वजह से लोग सड़क पर ही गंदगी फेंकने का काम कर रहे हैं। वहीं थाना कॉलोनी निवासी जसवंत सिंह ने बताया कि, बौंसी बाजार से सटे हुए मोहल्ले के बावजूद भी साफ सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। सुचारू रूप से सफाई नहीं होने से मोहल्ले में गंदगी फैली हुई है। कचरे को हटाया भी नहीं जा रहा है।

● **क्या कहते हैं पदाधिकारी**

जानकारी देते हुए नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी नीलम श्वेता ने बताया कि साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी साफ सफाई व्यवस्था का जल्द ही निरीक्षण किया जाएगा।

## न्यूज़ अपडेट

### मृत परिजनों को दिया संतावना, परिजनों में मचा कोहराम

**बांका।** प्रखंड क्षेत्र के आनंदपुर ओपी अंतर्गत चंदवारी पंचायत के सोमासिनडीह वार्ड नंबर चार निवासी जाने-माने गेनो तुरी पिता स्वर्गीय तूफानी दूरी उम्र 56 वर्ष को शनिवार शाम 4:00 बजे मौत होने मामला प्रकाश में आया। बता दें कि परिवार सूत्र के अनुसार मृत गेनो तुरी एक समाजसेवी के रूप में जाने जाते थे जो अपने परिवार चलाने के लिए शादी विवाह अन्य फंक्शन में ढोल बजाकर जीवन यापन कर रहा था। लेकिन इसे एक बड़े बिमारी किडनी फेल से ग्रस्त हो जाने से गरीबी के हालत में रहने के कारण शनिवार शाम बजे अपने घर में मौत हो गई। मौत की घटना पर गांव के लोगों के साथ साथ क्षेत्र जनप्रतिनिधियों में मायूसी देखी गई। इनके मौत कि घटना पर निवर्तमान जिला पार्षद निशा शालिनी, चुन-चुन ठाकुर, चंदवारी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अजय शर्मा, राजेंद्र यादव, वार्ड सदस्य रोहित तुरी, सरपंच प्रतिनिधि अब्दुल कुदुस, छेदी तुरी इत्यादि पहुंच कर मृत के परिजनों को संतावना देने पहुंचे। अपने पिता के आकस्मिक मौत से बेटी बबिता देवी बार बार बेहोश हो रही थी। जिससे पुरे परिवार में कोतहल मचा हुआ है जबकि इनके दो पुत्र है लेकिन एक मंद बुद्धि से है। ग्रामीणों के अनुसार गेनो तुरी एक वर्ष से बिमार चल रहा था जिसका इलाज देवघर के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा। ग़रीबी के कारण समुचित इलाज नहीं हो पाया जिसके कारण उनकी मौत हो गया।

### बिजली चोरी के मामले में दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**बाँका।** रविवार को पंजवारा थाना में बिजली चोरी के मामले में दो लोगो पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। लौढ़िया खुर्द पंचायत के चचरा एवं हवतपुर गांव के दो लोगों पर बिजली चोरी के आरोप में रविवार को पंजवारा थाना में केस दर्ज कराया गया है। बाराहाट बिजली विभाग के जेई राजीव रंजन के द्वारा शनिवार को लौढ़िया खुर्द पंचायत के चचरा एवं हबतपुर गांव में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया गया था। इस दौरान जेई ने हबतपुर निवासी राजू मंडल और चचरा निवासी सुरेश मांझी के घर मीटर कनेक्शन के रहते हुये भी अवैध तरीके से टोका फसाकर बिजली चोरी करते हुए पाया गया। जेई ने राजू मंडल के ऊपर 42562 एवं सुरेश मांझी के खिलाफ 16518 रुपये के राजस्व चोरी का आरोप लगाकर दर्ज कराया है। दोनों के घर से मीटर और बिजली टोका भी जेई द्वारा जब्त कर लिया गया।

### स्व. दीपक रजक मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन 11 नवंबर से होगा

**अमड़ापाड़ा (पाकुड़)।** स्व. दीपक रजक मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन को लेकर दुर्गा पूजा मंदिर प्रांगण में रविवार को टूर्नामेंट अध्यक्ष संजय रजक की अध्यक्षता में बैठक किया गया. बैठक 11 नवंबर को स्व. दीपक रजक मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुरुआत किया जाएगा. इस टूर्नामेंट में 16 टीम भाग ले सकते है. विजेता टीम को साठ हजार और उपविजेता टीम को चालीस हजार पुरुष्कृत किया जायेगा. इस टूर्नामेंट को सफल आयोजन को लेकर निगरानी समिति और कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया. बैठक में सचिव आदित कुमार, उपाध्यक्ष उत्तम भगत, शिवशंकर पंडित को बनाया गया, कोषाध्यक्ष राहुल भगत को सर्वसम्मति से बनाया गया. मौके पर सरोज मंडल, विजय भगत, पप्पू भगत, मृतुन्जय भगत, गौतम कुमार, नितेश कुमार, अमित भगत, विनोद कुमार दास, गौतम भगत, मौजूद थे.

### मोगलाबांध जल मीनार बना सफेद हाथी का दांत

**पाकुड़िया(पाकुड़)।** प्रखंड क्षेत्र के मोगलाबांध ग्राम स्थित बीएसएनएल टावर के नजदीक करोड़ों की लागत से बना जल मीनार अब शोभा की वस्तु बन चुकी है. यह जल मीनार कहीं ना कहीं यहां काम कर रहे ठेकेदार एवं कार्यकारी अभियंता के ऊपर उंगली उठा रही है. उनके अद्भुत जानकारी काम करने का तजुर्बा के कारण आज तक जल मीनार से स्थानीय ग्रामीणों को किसी भी प्रकार का कोई लाभ नहीं मिला. ऐसे में सरकारी राशि और योजना का दुरुपयोग साफ साबित होता है. इस प्रकार सरकारी योजना के आड़ में भोले भाले ग्रामीणों को ठेंगा दिखाते हुए योजना मैं मची लूट साफ साबित होती है. स्थानीय आक्रोशित ग्रामीण दुलाल राय, देवेंद्र वर्मा, हनीफ अंसारी, मधु भंडारी समेत अन्य ग्रामीण जल्द से जल्द योजना को स्थानीय प्रशासन से दुरुस्त करवाने की मांग की है. ग्रामीणों ने बताया की जलमिनार से हमलोगों को पानी नहीं मिल रहा है.

### लिट्टीपाड़ा पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**पाकुड़।** पुलिस कप्तान एचपी जनार्दन के निर्देश पर रविवार को लिट्टीपाड़ा हिरणपुर पाकुड़ मुख्य सड़क रांगा के समीप बाईक जांच अभियान चलाया गया। बाईक जांच अभियान थाना प्रभारी अभिषेक राय के देखरेख में हुआ। इस जांच अभियान में दर्जनों बाईक का डिक्की, पेपर, हेल्मेट, लाइसेंस आदि की जांच किया। जिनका कागजात में कमी पाया गया उन्हें बाईक से संबंधित सभी कागजात साथ में लेकर चलने का निर्देश दिया, तथा जो बिना हेल्मेट के बाईक चला रहे चालक को कड़ी फटकार लगाते हुए आगे से हेल्मेट पहनकर ही बाईक चलाने का हिदायत दिया। जांच अभियान देख बाईक चालक में हड़कंप मच गया जिससे कई बाईक चालक पीछे मुड़कर भागते नजर आए। मौके पर एएसआई प्रमोद कुमार सिंह सहित पुलिस बल तैनात थे।

## जिला स्तरीय ग्रीको रोमन/फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों का कराया गया वजन

दुमका

25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय ग्रीको रोमन/फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता 2021-22 के लिए आज खुंटा बांध टापू स्थित कुश्ती अखाड़े पर कुश्ती संघ के पदाधिकारियों उपाध्यक्ष गौतम कुमार, प्रदीप्त मुखर्जी, सचिव संदीप कुमार जय बमबम के देख-रेख में रजिस्ट्रेशन के लिए आए हुए महिला/पुरुष खिलाड़ियों का वजन कराया गया। जिसमें कुल 70 पहलवानों ने अपना वजन कराया। बाकी छूटे हुए खिलाड़ी खुंटा बांध टापू स्थित कुश्ती अखाड़े पर आकर प्रतियोगिता



शुरू होने के पहले तक अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। 25 अक्टूबर (सोमवार) को प्रातः 9 बजे पुलिस कप्तान अंबर लकड़ा मुख्य अतिथि के रूप में कुश्ती प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन करेंगे।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष गौतम कुमार, उपाध्यक्ष प्रदीप्त मुखर्जी, सचिव संदीप कुमार जय बमबम, प्रमोद कुमार राउत, मो० फरीद खान, रंजीत कुमार मिश्रा, मंतोष कुमार, विनित सिंह, अंजु टुडु, ललिता कुमारी, सबिना मरांडी सहित विभिन्न विद्यालय के कुश्ती खिलाड़ी और शिक्षक उपस्थित थे।

## हीहीडी पिपिड़ी क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में धमना चकाई की शानदार जीत

देवरी।

देवरी प्रखंड के हीहीडी पिपिड़ी क्लब द्वारा आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को राइजिंग स्टार एफसी धमना चकाई और बीडीएम बामदह टीम चकाई के बीच खेला गया। जिसमें 3-0 से बीडीएम बामदह टीम चकाई को हराकर राइजिंग स्टार एफसी धमना चकाई ने प्रथम पुरस्कार का खिताब जीत लिया और 1 लाख 25 हजार नकद पुरस्कार का हकदार बना। वहीं प्रतिद्वंदी टीम बी डी एम की टीम द्वितय पुरुस्कार 95 हजार का हकदार बना,तृतीय पुरुस्कार 55 हजार का हकदार साल बहियार की टीम और चतुर्थ पुरुस्कार 45 हजार



का सरिया की टीम बना। वहीं इस टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर हाकिम मरांडी बीडीएम टीम बामदह के खिलाड़ी ने मैन ऑफ द सीरीज पर अपना हक जमाया वहीं सन्नी टुडू मैन ऑफ द मैच का हकदार बना। सभी विजेता और उपविजेता टीमों को स्थानीय गणमान्य एवं प्रतिष्ठित एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा पुरस्कृत किया गया वहीं इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में हिहिडी पिपिडी क्लब के अध्यक्ष रघु मरांडी,सचिव मुंशी टुडू, संयोजक प्रफुल कुमार राय तथा इल क्लब के तमाम सदस्यों और निर्णायकों,उद्घोषकों एवम् दर्शकों की अहम भूमिका रही जिसके कारण इस फुटबॉल प्रतियोगिता को शांतिपूर्ण तरिके से संपन्न कराया गया।

## मनरेगा नियुक्ति मे आरक्षण घटने पर छात्रों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

दुमका

अनुसूचित जनजाति छात्रों ने रविवार को शिकारीपाड़ा के झामुमो विधायक नलिन सोरेन के आवास मे मांग पत्र सौंपकर मनरेगा मे होने वाली नियुक्ति मे अनुसूचित जनजाति का आरक्षण घटाना का जानकारी दी। छात्रों ने बताया कि ग्रामीण विकास अधिकरण दुमका के द्वारा मनरेगा के अन्तर्गत सहायक अभियंता, कम्प्यूटर सहायक, लेखा सहायक, ग्राम रोजगार सेवक की संविधा के आधार पर नियुक्ति मे अनुसूचित जनजाति आरक्षण के कोटा मे भारी कटौती की गई। छात्रों ने बताया कि वर्तमान मे मनरेगा कार्यरत कर्मी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मे यूआर -8 और एस टी-7, सहायक अभियंता पद मे सामान्य वर्ग 5 और अनुसूचित जनजाति



पद मे, कनीय अभियंता पद में यूआर /एससी-8और एस टी-7, ग्राम रोजगार सेवक पद मे यूआर /एससी-110 और एस टी- 53 पद कार्यरत है।

पहले भी यही नियुक्ति निकाला गया था, लेकिन अपरिहार्य करणो से रद्द कर दिया गया। अनुसूचित जनजाति का आरक्षण मे सहायक अभियंता मे 5 पद, लेखा सहायक मे 4 पद, कम्प्यूटर सहायक मे 4 पद और ग्राम रोजगार सेवक मे 40 पद स्वीकृत किए गए थे। वर्तमान मे जो नियुक्ति निकाला गया हैं। उसमे अनुसूचित जनजाति का रिक्त पद सहायक अभियंता मे एक पद, कम्प्यूटर सहायक मे दो पद,लेखा सहायक मे दो पद और ग्राम सहायक सेवक मे 28 पद स्वीकृत हैं। जिसमे अनुसूचित जनजाति के कोटा मे 20 पद को समाप्त कर सामान्य वर्ग मे जोड़ा गया हैं। अनुसूचित जनजाति का पद घटाना कही से भी न्याय संगत नहीं लगता है। यहां 50-50 होना चाहिए। बाकी बहाली मे होती है।

विधायक जी ने छात्रों से कहा कि यहाँ अनुसूचित क्षेत्र मे अनुसूचित जनजाति का पद नहीं घटाना चाहिए। छात्रों को आश्वासन दिया कि उपायुक्त दुमका और डीडीसी से बात करेंगे। इस मौके में शयाम देव हेम्ब्रम, ठाकुर हाँसदा, हरेन्द्र हेम्ब्रम, सुलीश सोरेन, सलीम मराण्डी, गंगासागर हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।

## विश्वासखानी में काली पूजा समिति की हुई बैठक

महागामा।

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अंतर्गत विश्वासखानी गांव में मां काली पूजा समिति एवं नवयुवक संघ, नाट्य कला परिषद की ओर से काली पूजा की तैयारी को लेकर बैठक की गई। बैठक में काली पूजा समिति के अध्यक्ष अनूप लाल सिंह, उपाध्यक्ष पंकज कुमार सुमन, कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र साह, सचिव राजेंद्र सिंह एवं नवयुवक संघ नाट्यकला परिषद विश्वासखानी के अध्यक्ष सोनी पासवान, उपाध्यक्ष दिवाकर कुमार, सचिव विवेक भगत, मीडिया प्रभारी अजय मंडल, कोषाध्यक्ष मनोज भगत, सोनू कुमार आदि मौजूद थे।

काली मंदिर विश्वासखानी में काली पूजा की तैयारी को लेकर पूजा कमेटी की ओर से गणमान्य लोगों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गांव के बुजुर्ग अनूप लाल सिंह कर रहे थे। बैठक



में लोगों ने मेले को सुंदर एवं आकर्षक बनाने को लेकर अपना सुझाव दिया। बैठक में सर्वप्रथम मंदिर परिसर की साफ सफाई एवं रंग रोशन को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। कोरोना महामारी जैसी वैश्विक महामारी को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा जारी कोविड गाइडलाइंस का पालन करते हुए मेले का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

न्यूज़ अपडेट

## कुर्मी कल्याण महासंघ की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा



**महागामा।** कुर्मी कल्याण महासंघ कार्यकारणी समिति की बैठक ईशीपुर बाराहाट में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता कुर्मी कल्याण महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक राजेश रंजन ने की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री रंजन ने कमेटी गठन एवं संगठन मजबूती को लेकर चर्चा की । साथ ही पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान बीएमसी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं कार्यक्रम भव्य रूप से कैसे हो उसके लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि कुर्मी समुदाय के द्वारा पिछले 71 वर्षों से लगातार यह टूर्नामेंट ईशीपुर खेल मैदान में आयोजित की जाती है। जहां कुर्मी समुदाय के खिलाड़ी खेल में भाग लेते हैं। इस मौके पर मनोहर राम, मयंक कुमार, दिम्पू सिन्हा, चंदन राम, अमर कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, दिवाकर कुमार सिन्हा, नयन कुमार राम, अरुण राम, डब्बू राम, बिभूति राम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने 30 टन अवैध कोयला लदे ट्रक को किया जप्त

**डुमरी।** डुमरी पुलिस ने थाना क्षेत्र के जीटी रोड बाईपास से 30 टन अवैध कोयला लदे एक ट्रक को पकड़ा। मौके से पुलिस ने चालक और खलासी को हिरासत में ले लिया है और ट्रक को कब्जे में कर थाने ले आई। इस मामले में चालक खलासी और ट्रक के मालिक को नामजद आरोपी बताते हुए मामला दर्ज किया गया है।

चालक और खलासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्रवाई गिरिडीह पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई है। बताया जाता है कि पुलिस के वरीय पदाधिकारी को सूचना मिली थी कि जेएच 02 एयू 4338 नंबर की ट्रक धनबाद के दुग्ध से अवैध कोयला लादकर डेहरी जा रही है। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा के नेतृत्व में पुलिस बल उक्त नंबर की ट्रक को जीटी रोड बाईपास पर बेरमो मोड़ के समीप रोका। चालक द्वारा कोयला संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद पुलिस ने चालक धनबाद के भागाबांध निवासी विकास कुमार और खलासी जोड़ा पोखर निवासी रिजु अंसारी को मौके पर ही हिरासत में लेकर कोयला लदे ट्रक को थाने ले गई।

## बेडोडीह पंचायत के वार्ड नं 9 के ग्रामीणों ने हरिजन सीट आरक्षित करने पर किया विरोध



**देवरी।** देवरी प्रखंड के बेडोडीह पंचायत के वार्ड नं 9 में एक भी हरिजन नहीं रहने के बावजूद भी आरक्षित सीट हरिजन कर दिया गया है जिसका ग्रामीणों ने विरोध जताया। इस संबंध में पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि कामेश्वर प्रसाद वर्मा ने बताया कि पिछले चुनाव से ही वार्ड नं 9 को हरिजन सीट आरक्षित कर दिया गया जबकि इस वार्ड में एक भी हरिजन नहीं है। जिसके कारण इस वार्ड में न ही कोई वार्ड सदस्य के रूप में कोई उम्मीदवार खड़ा हो पाता है न ही वार्ड के लिए चुनाव हो पाता है। इस बात की सूचना हम लिखित आवेदन देकर स्थानीय सांख्यिकी पदाधिकारी देवरी को दिया। उसके बाद जिला को भी सूचना किया तो जांच पड़ताल भी हुआ था। किन्तु पुनः हरिजन सीट ही कर दिया गया है। हमलोग सबंधित अधिकारी से मांग करते हैं कि जांच पड़ताल कर वार्ड नं 9 को पिछड़ी या जेनरल सीट कर दिया जाय। ताकि इस वार्ड से भी कोई उम्मीदवार वार्ड सदस्य के लिए चुनाव लड़ सके।वहीं राजेश कुमार साहू ने भी बताया कि कई बार लिखित आवेदन देकर इसकी सूचना देवरी अंचल अधिकारी, विकास पधाधिकारी और निर्वाचन विभाग को दी गई। किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई है। मौके पर सोनी देवी, पोदीना देवी, सबिया देवी, हरखी देवी, रविन्द्र कुमार राय, जयदेव राय समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## मोहनपुर चौक पर झोपड़ी में लगी आग, नमक गोदाम खाक

**महागामा। शंकर सुमन ।** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर चौक पर बनी झोपड़ी में शनिवार को देर रात आग लग गई। अग्निकांड के कारण नमक गोदाम एवं एक सैलून जलकर खाक हो गया। आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। देखते ही देखते पूरी झोपड़ी जल गयी। झोपड़ी में एक नमक गोदाम एवं सैलून था। आसपास के ग्रामीणों ने आग की सूचना पाकर आग बुझाने का काफी प्रयास किया। ग्रामीणों के द्वारा आग लगने की सूचना ईसीएल को दी गई। मौके पर ईसीएल की दमकल गाड़ी जब तक पहुंची, पूरा झोपड़ी जलकर खाक हो गया था। ग्रामीणों के सूझबूझ से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि झोपड़ी में भोला शाह के नमक का गोदाम एवं निरंजन ठाकुर का सैलून था।



## बलात्कार के आरोपी को तीसरी पुलिस ने भेजा जेल

**तीसरी।** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड में थाना प्रभारी पीकू प्रसाद के नेतृत्व में तिसरी पुलिस ने तीन बच्चे की मां के साथ बलात्कार सहित कई अपराध के मामले में संलिप्त गुमगी निवासी श्रीराम विश्वकर्मा को कांड संख्या 102 धारा 328, 354, 376, 363, 506, 509 के तहत में न्यायिक हिरासत में रविवार को भेजा गया। बताया जाता है कि पीड़ित महिला के आवेदन पर गत 17 अक्टूबर को तिसरी थाना में मामला दर्ज की गई। जिसके बाद से आरोपी श्रीराम फरार था। गुप्त सूचना के आधार पर खिजुरी से तिसरी पुलिस ने श्रीराम को गिरफ्तार किया। श्रीराम दो बच्चे का पिता है। जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला ने बलात्कार करने, धमकी, अपहरण आदि कई आरोप लगाया गया है।

## गोड्डा में एक सप्ताह में डायरिया से 5 की मौत

# डेढ़ दर्जन से अधिक पीड़ित सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती

गोड्डा।निधि वत्स

जिला के कुछ हिस्सों में डायरिया का प्रकोप गहराता जा रहा है। सदर प्रखंड का छोटी कल्याणी एवं मल्हारा गांव फिलहाल डायरिया से आक्रांत बताया जा रहा है। रविवार को इन दोनों गांवों के करीब एक दर्जन पीड़ित इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती हुए। छोटी कल्याणी गांव में एक सप्ताह के अंदर डायरिया पीड़ित 5 लोगों के मरने की सूचना है।

हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा डायरिया से मौत की पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन ग्रामीणों का दावा है कि छोटी कल्याणी गांव में एक सप्ताह के दौरान डायरिया से 5 लोगों की मौत हो चुकी है। काफी लोग डायरिया से पीड़ित हैं। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को सदर अस्पताल में 19 डायरिया पीड़ित मरीज इलाज के लिए भर्ती थे। अधिकांश लोग छोटी कल्याणी गांव के हैं। इस गांव के एक ही परिवार के 5 सदस्यों को डायरिया के कारण सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। मल्हारा गांव में भी डायरिया के कारण अनेक लोग पीड़ित हैं। कुछ लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। सिविल सर्जन डॉक्टर मंटू टेकरीवाल ने पूछे जाने पर बताया कि उन्हें भी इन दो गांवों में डायरिया फैलने की जानकारी मिली है। स्वास्थ्य विभाग की टीम को गांव में भेजा जाएगा।



## अपराध की योजना बनाते हुए हथियार और गोलियों सहित तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवगछिया।

पुलिस जिला नवगछिया अंतर्गत गोपालपुर थाना क्षेत्र के बिंदटोली गांव के समीप गंगा नदी तटबंध के स्पर संख्या 07 पर अपराध की योजना बना रहे तीन बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से एक लोडेड देशी कट्टा, छः जिंदा कारतूस एवं तीन मोबाइल भी बरामद किया है। गिरफ्तार सभी बदमाशों से पुलिस पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार होने वालों में इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के मनधत टोला निवासी अशोक सिंह, फुचो मंडल, रामधारी सिंह शामिल है। इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया, सूचना मिली कि गंगा नदी के तटबंध पर हथियार के साथ तीन बदमाश इकट्ठा हुए हैं, जो किसी बड़ी अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही तटबंध की घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया गया। वहीं, थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि तीनों का आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।



## पिंडाटांड़ से हरदापहारी जानेवाली सड़क जर्जर अवस्था में



पचंबा। बजरंगी महतो

गिरिडीह जिला अंतर्गत पचंबा थाना क्षेत्र स्थित पिंडाटांड़ पंचायत सचिवालय से हरदापहरी जानें वाली रोड पुरी तरह से जर्जर हालत में है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का तीसरा चुनाव होने को है किंतु आज तक किसी भी पंचायत प्रतिनिधी ने पिंडाटांड़ से हरदापहरी जानेवाली एक मात्र रोड की किसी ने कोई सुध नहीं ली। कजरो, मगहिया टोला, हरदापहरी के सैकड़ों लोगों का नित्य प्रति दिन इस रोड से आना जाना होता है। इस रोड में केवल बोल्डर ही बोल्डर है। राहगीर कही दाएं कही बाएं होकर गुजरने को मजबूर हैं। पिंडाटांड़ पंचायत के लोगों ने वोट देकर प्रतिनिधियों को इस उम्मेद के साथ जिताया की कोई तो सुध लेगा इस रोड का मगर इसे दुर्भाग्य ही कहा जायेगा की अभी तक किसी भी पंचायत प्रतिनिधी का ध्यान इस रोड की स्थिति पर नही गया है। रोज सुबह शाम किसी तरह इस रोड से गुजरने को मजबूर हैं क्योंकि ए रोड पचंबा जाने के लिए नजदीक पड़ता है मगर जाने में है भारी कठिनाई। स्थानीय ग्रामीण हर बार इस उम्मेद के साथ वोट करते हैं कि कोई तो सुध लेगा मगर हरेक बार वही ढाक के तीन पात वाली बात होती है। पिंडाटांड़ पंचायत में ऐसे रोड का निर्माण और मरम्मत किया गया जिसमे इंसान तो कया जानवर भी नहीं आता जाता है। आखिर विभाग मौन क्यों है और पंचायत प्रतिनिधी अनदेखा क्यों कर रहे हैं समझ से परे है। आख़रि इस विषय का सुध लेने कौन आएगा ए अक्ष प्रश्न है। जबकि हरेक पंचायत प्रतिनिधी इस रोड से गुजरते हैं।

## बिरसा मुंडा क्लब टीम ने खिताब पर जमाया कब्जा

- दो दिवसीय फुटबॉल लीग का समापन

गोड्डा।निधि वत्स

दो दिवसीय फुटबॉल लीग के फाइनल मैच में बिरसा मुंडा क्लब, कठौन की टीम ने सिद्धू कान्हू फुटबॉल टीम, गंगटा को छह गोल से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता एवं उपविजेता टीम को क्रमशः विधायक प्रदीप यादव, गोड्डा कॉलेज के प्राचार्य सतीश पाठक एवं जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार ने संयुक्त रुप से पुरस्कृत किया। रविवार को जिला फुटबाल लीग का फाइनल मैच बिरसा मुंडा फुटबॉल क्लब, कठौन एवं सिद्धू कान्हु फुटबॉल क्लब, गंगटा के बीच खेला गया। गंगटा की टीम 6 गोल से पराजित हो गई। गंगटा की टीम मात्र एक गोल ही दाग सकी। विजेता टीम के कप्तान अनुज मरांडी एवं उप विजेता टीम के कप्तान डैविल सोरेन को पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव, गोड्डा कालेज के प्राचार्य सतीश चंद्र पाठक खेल पदाधिकारी राहुल कुमार ने संयुक्त रूप से ट्राफी देकर पुरस्कृत किया फाइनल मैच में खेलने वाले दोनों टीमों के रनर और वीनर खिलाड़ियों को बेथल मिशन स्कूल के निदेशक सह फुटबॉल लीग आयोजन समिति के अध्यक्ष प्राणेष सोलोमन व संयोजक इकरारुल हसन आलम ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर नेटबॉल की कोच मोनालिसा कुमारी, नेट बॉल संघ के जिला सचिव गुंजन कुमार झा, जितेंद्र यादव, अख्तर हुसैन, रामेश्वर मरांडी, इब्राहिम अंसारी, शमसुल शम्स, नरेंद्र महतो 'गांधी' सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे। दर्शकों ने लंबे अंतराल के बाद गोड्डा में फुटबॉल लीग मैच का आनंद लिया। मैदान में जिला प्रशासन के निर्देश पर सिविल सर्जन द्वारा फर्स्ट एड के लिए चिकित्सा कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई थी। उद्घोषक की भूमिका किरमान अंसारी एवं निरंजन बासकी ने निभाई।



## 23 वां विकास कप क्रिकेट प्रतियोगिता पर चुगंलखार का कब्जा

# लक्ष्य बनाकर प्रयास करे तो सफलता अवश्य मिलती हैं : डॉ मंजू कुमारी

खोरीमहुआ।

जमुआ प्रखंड क्षेत्र के गांधी मैंदान हीरोडीह में आयोजित 23 वां विकास कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला रविवार को चुगंलखार बनाम धर्मपुर के बीच खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप काग्रेस नेतृ मंजु कुमारी, हीरोडीह थाना प्रभारी राधेश्याम पांडेय आदि कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते मंजू कुमारी ने कहा कि इस तरह के टूर्नामेन्ट से समाज में एक अच्छा संदेश मिलता हैं। थाना प्रभारी राधेश्याम पांडेय ने कहा कि इस तरह के खेलों से मानसिक व शारीरिक विकास होता हैं। बता दे कि फाईनल मुकाबला चुगंलखार बनाम धर्मपुर के बीच रोमाचंक मुकाबला खेला गया। जिसमें पहले धर्मपुर की टीम बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवरों में 9 विकेट खोकर 115 रन कि स्कोर खडा कि जिसमें जवाबी बारी में चुगंलखार की टीम ने 12 ओवर में 115 रनो की पीछा करते हुए 5 विकेट खोकर 116 रन बनाए और मैंच के विजेता रही। मौके पर विकास युवा क्लब के अध्यक्ष पवन कुमार साहू, जयदेव साहू, प्रवीण साहू, तरुण साहू, गौतम सागर, दिलीप साहू, कामदेव यादव, पवन यादव, कपिल वर्णवाल सुमंत कुमार, सुमन शौरभ आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।



# ई-श्रम कार्ड बनाने के लिए भगैया में शिविर का आयोजन किया गया

मेहरमा।विजय कुमार

ठाकुरगंगटी प्रखंड के मानिकपुर एवं भगैया पंचायत में ई-श्रम कार्ड बनाने के लिए रविवार को शिविर का आयोजन किया गया। जेएसएलपीएस के तहत संचालित प्रज्ञा केंद्र संचालक भारती कुमारी ने जानकारी दी कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ई-श्रमिक कार्ड योजना पूरे भारत में असंगठित मजदूरों को ई -श्रम कार्ड बनाई जा रही है। श्रमिक कार्ड योजना का उद्देश्य ई-श्रम कार्ड 2021 के अंतर्गत निर्माण श्रमिक, प्रवासी श्रमिक और प्लेटफार्म श्रमिक, स्ट्रीट वेंडर, घरेलू श्रमिक, कृषि श्रमिक सहित सभी असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का केंद्रीकृत डेटाबेस का निर्माण करना है। ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का एकीकरण किया जाएगा तथा ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से श्रमिकों को उनके कौशल के अनुसार सरकारी लाभ प्राप्त करने में सहायता होगा। साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा की सुविधा भी मिलेगा। आगे बताया कि ई-श्रम कार्ड 16 वर्ष से 59 वर्ष के भारतीय नागरिक बना सकते हैं।

कार्ड बनाने के लिए ग्रामीणों को आधार कार्ड, पासबुक खाता नंबर एवं मोबाइल नंबर अपने साथ लाना आवश्यक है। यह कार्ड निशुल्क बनाई जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्ड बनाने के लिए पंचायत के विभिन्न गांवों में कैंप लगाकर कार्ड बनाया जाएगा। इस मौके पर जेएसएलपीएस के बीआरपी एसडी मीणा कुमारी, सीसी संगीता कुमारी, पुष्पिता देवी, सोनी कुमारी, चन्दन कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



## बालक वर्ग में टाउन टीम व बालिका वर्ग में आवासीय प्रशिक्षण केंद्र की टीम बनी विजेता



गोड्डा।निधि वत्स

झारखंड वॉलीबॉल संघ के निर्देश पर जिला वॉलीबॉल संघ की ओर से एक दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय के स्टेडियम में रविवार को किया गया। इस मौके पर बालक वर्ग में छह टीम एवं बालिका वर्ग में चार टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग में गोड्डा टाउन टीम विजेता एवं कुर्मा की टीम उपविजेता रही। वहीं बालिका वर्ग में बालिका आवासीय प्रशिक्षण केंद्र की टीम विजेता एवं मध्य विद्यालय मंजवारा की टीम उपविजेता रही। इस मौके पर विजेता एवं उप विजेता टीम खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल हमें अच्छे स्वास्थ्य के साथ अनुशासन सिखाता है। आने वाले समय में खेल में अपार संभावनाएं है। यहां के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार भी खिलाड़ियों के प्रति गंभीर है। मौके पर समाजसेवी संजीव आनंद, पूर्व बास्केटबॉल खिलाड़ी कमलदेव राय, दिलीप कुमार यादव, जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव देवाशीष कुमार झा, कबड्डी संघ के सचिव शक्ति कुमार, फुटबॉल संघ के सह सचिव संतोष निराला, वुशु संघ के सचिव दीपक सिंह, एथेलेटिक्स संघ के सह सचिव पुनीत कुमार सिंह, साइक्लिग संघ के प्रियव्रत परमेश, नेटबॉल संघ के सचिव गुंजन कुमार झा, मोनालिशा कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

न्यूज़ अपडेट

## फंदे से झूलता मिला युवती का शव, मां ने गोतिया पर लगाया मारकर लटकाने का आरोप

**खोरीमहुआ।** अनुमंडल क्षेत्र के हीरोडीह थाना अन्तर्गत सुरही में एक युवती का शव कमरे में फंदे से झूलता मिला है। उक्त शव की पहचान हीरोडीह थाना क्षेत्र के सुरही निवासी मसोमात मीना देवी की पुत्री राखी कुमारी के रूप में की गई। घटना को लेकर मृतका की मां ने अपने ही गोतिया पर आरोप लगाया है।



बताया जाता है कि शनिवार की रात खाना खाकर सभी सो गए थे। रविवार की सुबह जब बेटी को बुलाने गए तब दुपट्टे के सहारे वह लटकी मिली। इसके बाद हो-हल्ला होने पर लोग जमा हुए और शव को उतारा। वही घटना की सूचना मिलते ही हीरोडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। इधर मृतिका की मां मसोमात मीना देवी ने हीरोडीह पुलिस को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि गोतिया हिस्सेदार विनय राय एवं विजय राय के द्वारा हमेशा प्रताड़ित किया जा रहा था। उनके द्वारा दो दिन पूर्व ही धमकी दिया गया था कि बेटी को जान मार कर फेंक देंगे और उनलोगों ने ही उनकी बेटी को मारा है। इधर आरोपियों ने कहा की आरोप बेबुनियाद है।

- **क्या कहती है पुलिस**

इस बाबत हीरोडीह थाना प्रभारी राधेश्याम पांडेय ने कहा की शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेजा गया है। वही मामली की तहकीकात की जा रही है।

## जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से श्रमदान कर रास्ता बनाने पर मजबूर हुए ग्रामीण

**बिरनी।** प्रखंड अंतर्गत गादी पंचायत के ग्राम बसगना के ग्रामीण सरकारी बाबुओं एवं जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के कारण वर्षों से टूटे पडे रास्ते को स्वयं से हीं बनाने का निर्णय लिए। आपको बता दें कि गाँव से मुख्य पथ को जोड़ने वाला रास्ता विगत ग्यारह सालों से जर्जरावस्था हो चुका है। बरसात का पानी बहने के कारण सडक का दोनों किनारा बह चुका है, जिसके कारण उक्त पथ पर लोगों का गुजरना मुश्किल हो गया था, लोग टूटे हुए सडक पर बिजली का खंभा लगा कर आ जा रहे थे



जो एक बडी दुर्घटना को आमंत्रित करती है। इस पथ की मरम्मती के लिए ग्रामीणों ने मुखिया से लेकर प्रखंड पदाधिकारियों तक से गुहार लगा चुके हैं परंतु आज तक किसी ने कान तक नहीं फटफटाया। तब ग्रामीणों ने बैठक कर स्वयं से सडक की मरम्मती करने का निर्णय लिया और कार्य को करना शुरू कर दिया। इस बीच भावी मुखिया प्रत्याशी दिनेश यादव ने कहा कि पिछले पाँच वर्षों से पूरे पंचायत में कोई भी जनहित का कार्य नहीं हुआ है, गरीब लोगों के शौचालय का भुगतान वर्षों से लंबित है सामुदायिक शौचालय को आधा बना कर छोड़ दिया गया है। पुल पुलिया उस जगह बनाये गये हैं जहाँ ग्रामीणों का कोई सरोकार नहीं है। इतना हीं नहीं स्थानीय मुखिया के द्वारा किसी भी योजना की जानकारी आम ग्रामीणों को नहीं दी जाती है क्योंकि आज तक पूरे पंचायत में एक भी ग्रामसभा या आमसभा नहीं की गई है, बस कागज पर कुछ ग्रामीणों का हस्ताक्षर कर फार्मलिटी पुरा कर लिया जाता है। मौके पर विकास पंडित, अशोक पंडित, भागी पंडित, मनोज पंडित, गणेश पंडित, बालगोविंद पंडित, मोहन पंडित समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## टीकाकरण के लिए पहुंची टीम, लौटे वापस

**बेंगाबाद।** प्रखंड क्षेत्र के सोनबाद पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी सेंटर महदैया में टीकाकरण के लिए पहुंची मेडिकल विभाग की टीम। लेकिन आंगनबाडी के गेट में बंद मिला ताला। काफी देर रुकने के बाद भी जब नहीं पहुंचे आंगनवाड़ी सेविका व सहिया। आंगनवाड़ी सेविका व सहीया का ग्रामीणों की और से लगातार शिकायत मिलते रहता है। फिर भी बिभाग के लोग रहते हैं कुंभकर्णी नींद में। नहीं होती है कार्रवाई ग्रामीणों में भारी आक्रोश।



# सरकार भूमिहीनों को जमीन और आवास उपलब्ध कराए : राजेश यादव

## एक वर्ष पूरे वन विभाग द्वारा गरीब का घर गिराए जाने के खिलाफ गोलबंद हुए ग्रामीण

**बेंगाबाद।**

भाकपा माले के झारखंड राज्य कमिटी के सदस्य राजेश कुमार यादव ने बेंगाबाद प्रखंड के कोकर्ची गांव में पिछले वर्ष वन विभाग द्वारा एक गरीब का घर गिरा दिए जाने के खिलाफ आवाज उठाते हुए न सिर्फ ऐसी कार्रवाइयों का विरोध किया बल्कि सरकार से पीड़ित परिवार के लिए मुआवजा तथा अभी भी बड़े पैमाने पर मौजूद भूमिहीनों को चिन्हित कर उन्हें जमीन उपलब्ध कराने की मांग की। यहां कार्यक्रम की अगुवाई प्रखंड सचिव शिवनंदन यादव, रामलाल मुर्मू, राम रतन वर्मा, विनोद वर्मा, योगेंद्र सिंह, अरुण सिंह आदि ने करते हुए कहा कि, कोकर्ची के बेनी तुरी को अनुमंडल कार्यालय से जमीन का भी पर्चा मिला हुआ है जिस पर उन्होंने अपना घर बनाया था। लेकिन 1 साल पूर्व वन विभाग के लोगों ने जमीन के उक्त पर्चे को नहीं मानते हुए उसका घर गिरा दिया। ग्रामीणों की शिकायत पर आज वहां पहुंची माले की टीम ने गिराए गए घर



समेत सारी वस्तु स्थिति का जायजा लिया। जिसके बाद वहां हुई मीटिंग को संबोधित करते हुए माले नेता श्री यादव ने कहा कि, इस तरह से किसी गरीब का घर गिरा दिया जाना कहीं से उचित नहीं। सरकार गरीबों के कल्याण के लिए बनती है, ऐसे में गरीबों के साथ इस तरह का अत्याचार करना कहीं से भी ठीक नहीं। उन्होंने लोगों से इस तरह की कार्रवाई के खिलाफ एकजुट होने की अपील करते हुए गांव में संगठन निर्माण की अपील की। श्री यादव की अपील पर नए-पुराने सदस्यों को लेकर माले की कमेटी पुनः गठित की गई।

कमिटी गठन के बाद जहां स्थानीय गरीब भूमिहीनों के लिए जमीन तथा आवास दिलाने समेत उनके अन्य हक-अधिकारों के लिए भी संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया गया, वहीं सरकार द्वारा लाए गए तीनों काले कृषि कानूनों को रद्द करने के लिए भी आंदोलन तेज करने की मांग की गई। मौके पर अन्य लोगों के अलावा दामोदर सिंह, योगेन्द्र सिंह, अरुण सिंह, सुधीर सिंह, सहदेव तुरी, सखी तुरी, जय नारायण सिंह, बेनी तुरी, शीलधर सिंह, महेंद्र सिंह, हुरो तुरी, मुरारी तुरी, बास्की सिंह, गीता देवी, बम शंकर राय, बेनी सिंह, नरेश सिंह, राज कुमार सिंह, मकसूदन सिंह, संजीव तुरी, प्रमिला देवी, अमावती देवी, दमनी देवी, रेशमी देवी, चमेली देवी, शत्रुघ्न सिंह, महेश तुरी समेत अन्य मौजूद थे।

## झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की बैठक सम्पन्न



**गिरिडीह।**

गिरिडीह में रविवार को झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ समिति की बैठक अमर किशोर प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में महासंघ भवन में की गयी, बैठक में आगामी 31 अक्टूबर को साथी अशोक सिंह नयन को नगर भवन में सम्मानित किए जाने वाले कार्यक्रम को लेकर किया गया, वही बैठक में इसकी तैयारी को लेकर दो टीमों को भी गठित किया गया क्योंकि सभी तरह के व्यवस्थाओं को दिखेगी इस बाबत जिला मंत्री अनूप कुमार सिन्हा ने बताया इसमें महासंघ के रेलवे बैंक पोस्ट ऑफिस आदि विभागों से संबंधित अतिथि गण भी मौजूद रहेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक कुमार सिंह तथा अशोक सिंह मौजूद थे, वही महासंघ के मुक्तेश्वर प्रसाद अनूप कुमार सिन्हा रूपलाल दास लखन पंडित लखन रज क संजीत ठाकुर कई गणमान्य सदस्यगण मौजूद थे।

## आगामी 27 अक्टूबर को प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का गिरिडीह आगमन, कार्यकर्ता सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**गिरिडीह।**

भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार, आगामी 27 अक्टूबर को गिरिडीह के सिहोडीह स्थित सिद्धिविनायक धर्मशाला में झारखण्ड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश का आगमन होना निर्धारित है। उक्त तिथि को 11 बजे सिद्धिविनायक धर्मशाला में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के तहत प्रदेश अध्यक्ष गिरिडीह जिला के सभी पूर्व जिलाध्यक्ष, वर्तमान सांसद, पूर्व सांसद, वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक, जिला में निवास कर रहे



प्रदेश स्तरीय पार्टी व मंच मोर्चा के पदाधिकारी, पार्टी व मंच मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, नगर निगम के महापौर, उप-महापौर, जिला परिषद उपाध्यक्ष समेत जिला के विभिन्न स्तर के जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, पार्टी के जिला कार्यसमिति सदस्य, मंच मोर्चा के जिला पदाधिकारी व जिला कार्यसमिति सदस्य, सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष व मंडल कार्यसमिति सदस्य, सभी शक्ति केंद्रों के संयोजक व सह-संयोजक एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन के पश्चात गिरिडीह जिला के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों के अपेक्षित व आमंत्रित कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभावार एक-एक घण्टे का बैठक करेंगे।

## जगदीशपुर में संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**खोरीमहुआ।**

अनुमंडल क्षेत्र के पिहरा पश्चिमी पंचायत अन्तर्गत जगदीशपुर में संदिग्ध परिस्थिति में एक विवाहिता की मौत हो गई। घटना शनिवार की देर रात की है। मृतका की पहचान जगदीशपुर निवासी विकेंद्र साव की 25 वर्षीय पत्नि रानी देवी के रूप में हुई है। मामले में मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। वही मृतका की मां नगवां निवासी सविता देवी का कहना है कि तीन दिन पूर्व उनका दामाद विकेंद्र साव मेरी बेटी को मायके से जबरदस्ती ससुराल ले गया और उसे मार दिया है। जबकि ग्रामीणों और मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र यादव का कहना है कि वह लकड़ी लाने के लिए जंगल की ओर गई थी, इसी दौरान नदी के पास अचानक गिर गीर गई थी। जिसके बाद आनन फानन में परिजनों ने प्राथमिक उपचार के लिए तिलैया (कोडरमा) ले जाया रहा था, जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। थाना प्रभारी सूरज कुमार ने कहा कि मामले की तफ्तीश चल रही है। आवेदन मिलने के बाद आवशयक कार्रवाई की जायेगी।

## जिला परिषद भाग 12 से जुझारू, कर्मठ एवं समाजसेवी कुमारी प्रभा वर्मा ने किए अपनी दावेदारी

**जमुआ। शिव कुमार**

जमुआ प्रखंड के अंतर्गत जिला परिषद भाग संख्या 12 से जिला परिषद पद हेतु अपनी दावेदारी जनता के आग्रह पर पुनः तीसरी बार पेश की हैं! जिसकी छवि एक साफ-सुथरी योग्य कर्मठ एवं जुझारू महिला प्रत्याशी के रूप में पूरा क्षेत्र के साथ प्रखंड में है ! इसके पूर्व उन्होंने लगातार दो बार किस्मत अजमाया है लेकिन सफलता हासिल नहीं कर पाई। श्रीमती वर्मा समाजसेवी दिगंबर प्रसाद दिवाकर की धर्मपत्नी है जो डाकघर में कार्यरत थी। जिसे त्यागपत्र देकर जन सेवा भावना त्रिस्तरीय पंचायत चुनावी मैदान में कदम रखती है। क्षेत्रवासियों का कहना है श्रीमती वर्मा पिछले दोनों चुनावों में एक -एक घर के दरवाजे पर दस्तक देकर अपनी अलग पहचान बनाई है। वही लगातार 11 साल से अपने क्षेत्र के छोटी बड़ी समस्या जैसे राशन कार्ड, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन , जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि कई कार्यों के साथ लगातार समाज की सेवा में तत्पर रही है ।लोगों को कसक है कि इसके बावजूद धनबल के



सामने जनबल की आवाज दब गई। क्षेत्रवासियों का मानना है कि इस बार सारी समस्याएं दूर होगी और जनता का आशीर्वाद अवशय प्राप्त होगा। सनद रहें कि इस जिला परिषद क्षेत्र में चचघरा ,केन्दुआ, धुरगड़गी, तारा, शाली, चुंगलो बदडीह, पिंडरसौत पंचायत इत्यादि जगह पर लगातार जन समस्या को लेकर आवाज बुलंद करने की काम की है। कई छोटे-बड़े कार्य प्रतिनिधि ना होने के बाद भी किया गया है। जिसको लेकर इनकी पकड़ अच्छी है। लोगों का मानना है कि यह बहुत ही संघर्षशील, मिलनसार व्यक्तित्व की है। जिस कारण सबों की चहेती बन चुकी है। जिसका परिणाम आगामी चुनाव में अवशय मिलेगा। अभी त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव की घोषणा नहीं हुई है लेकिन प्रतिनिधि लगातार अपने क्षेत्र की भ्रमण कर रहे हैं और जनता से अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह कर रहे हैं हर दिन क्षेत्र के अलग गांव पंचायत के लोगों के बीच जनसंपर्क अभियान शुरू कर दी है।

## जन-जन को संविधान जानने की जरूरत अधिवक्ता कामेश्वर यादव



**गिरिडीह।**

गिरिडीह में डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट एसोसिएशन की बैठक रविवार को वरीय अधिवक्ता दामोदर गोप के आवास में हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के चेयरमैन हुसैन अंसारी ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अधिवक्ता कामेश्वर यादव ने कहा कि एसोसिएशन 26 नवंबर को सविधान दिवस मनाएगी। उन्होंने कहा कि भारत के जन-जन को संविधान को जानने की जरूरत है श्री यादव ने कहा कि संविधान में गरीबों, पिछड़ों, अनुसूचित जाति, आदिवासियों एवं तमाम उपेक्षित लोगों के अधिकार को दिलाने की बात लिखी गई है लेकिन जानकारी के अभाव में लोग इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं अधिवक्ता दामोदर गोप ने कहा कि ओबीसी समाज को संविधान की जानकारी हासिल कर अपने हक के अधिकार के लिए जागरूक होना होगा। उन्होंने संविधान दिवस पर समाज के जागरूक लोगों को एकजुट होकर अपने हक अधिकार के लिए सड़क पर उतरने की अपील की। अधिवक्ता रवि भूषण ने कहा कि संविधान के प्रति हम लोगों को जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर गिरिडीह में एक जागरूकता रैली निकाली जाएगी जो शहर का भ्रमण कर लोगों को संविधान के प्रति जागरूक करने का काम करेगी। अधिवक्ता भुनेश्वर महतो ने कहा की संविधान ही एक ऐसा ग्रंथ है जिससे लोगों को जीने का सही रास्ता दिखाता है संविधान को अध्ययन करें ताकि हम सही दिशा पर चल सकेंगे। बैठक को अधिवक्ता जय देव यादव, अधिवक्ता भुवनेश्वर महथा आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर एलेक्स टू डू, विवेक सेठ, शिव कुमार यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

# जमुआ प्रखण्ड में जल्द चालू होंगे स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण को मिलेगा लाभ : नरेश वर्मा

**जमुआ।**

जमुआ प्रखंड के पालमो पंचायत अंतर्गत शिबुडीह में करोड़ों की लागत से पूर्व की सरकार और जमुआ विधानसभा के विधायक केदार हजार जी के नेतृत्व में बनाई गई थी। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को चिकित्सा के लिए कहीं दूर ना जाना हो, अपने नजदीकी क्षेत्र में बेहतर इलाज कर सके. लेकिन वहां के स्थानीय ग्रामीणों ने कहा यह केवल डबल इंजन और स्थानीय विधायक ठेकेदारी के उद्देशय से बनाया था उद्घाटन होने के बाद भी स्वास्थ्य केंद्र में एक भी डॉक्टर और नर्स नहीं उपलब्ध है. जो यहां के स्थानीय ग्रामीण चिकित्सा एवं बेहतर उपचार के लिए प्रखंड मुख्यालय या जिला मुख्यालय जाने के लिए मजबूर थे। स्थानीय ग्रामीण ने इसकी सूचना विगत कुछ माह कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेश वर्मा को अवगत



कराया था. जिसको लेकर श्री वर्मा शिबुडीह उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करके काफी दुख व्यक्त किया और ग्रामीणों को विश्वास दिलाया था कि मैं कांग्रेस पार्टी के स्वास्थ्य मंत्री एवं मुख्यमंत्री के साथ है विभागीय अधिकारी से बात करके यह स्वास्थ्य केंद्र को बहुत जल्द चालू कराने का प्रयास करेंगे। इसको लेकर आज कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ता के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का साफ -सफाई की गई । वही कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेश वर्मा ने कहा मैं विभागीय अधिकारी से इस समस्या को अवगत कराएं हूँ यहां पर बहुत जल्द डॉक्टर बैठने लगेगें. सीएस ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र शिबुडीह नाम से यूनिट नहीं हैं फिर भी चालू करना हैं चुकी लोगों को कभी परेशानिया भी झेलना पड़ रही हैं और हॉस्पिटल भवन का भी रख रखाव होगा सीएस ने जमुआ चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेश दुबे को भी निर्देश दिए हैं। मौके पर मुखिया नन्दकिशोर रजक, मनीष वर्मा, विवेकानंद कुशवाहा, सुमन वर्मा, अभिषेक यादव, नवीन यादव, अजय गुप्ता, दशरथ महतो इत्यादि ग्रामीणों ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर किया।

## हमें स्वयं के बारे में चिंतन करना चाहिए कि हमारे गुण और दोष क्या हैं : इंद्रेश

# कोविड-19 को लेकर 'चिंता से चिंतन तक, स्वस्थ्य समाज का निर्माण' पर संवाद सत्र आयोजित

### कोविड पर पूर्ण रुप से विजय पाने के लिए समाज के एक एक व्यक्ति को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी : नरेश बंसल

नई दिल्ली।




समाजिक संस्था दैन्यम् आराध्यम् और मेडिवेज हेल्थ फाउंडेशन की तरफ से कोविड 19 को लेकर एक संवाद सत्र का आयोजन किया गया। 'चिंता से चिंतन तक... स्वस्थ्य समाज का निर्माण' विषय पर आयोजित इस संवाद सत्र में देश भर से कई गणमान्य बुद्धिजीवियों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संयोजन दूरदर्शन समाचार के वरिष्ठ पत्रकार मनीष बाजपेई ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश भी मौजूद रहे।

श्री इंद्रेश ने कोविड-19 समस्या पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें समस्या के मूल में जाने की जरुरत है, आखिर समस्या पैदा कैसे हुई? उन्होंने कहा कि आज आवशयकता इस बात की है कि हमें स्वयं के बारे में चिंतन करना चाहिए कि हमारे गुण और दोष क्या हैं? हम अपने मूल्यों और संस्कारों से कैसे भटक रहे हैं? हम अपने पारम्परिक ज्ञान का अनुसरण क्यों नहीं कर रहें है? इन सभी प्रश्नों के जब हमें उत्तर मिलेगें तो हम स्वयं ही समस्या के समाधान बन जाएगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि कोविड टीकाकरण को लेकर जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने एक विशाल लक्षय को तय किया है, वो निश्चित रुप से सरकार की समाज के प्रति जवाबदेही को दर्शाती है लेकिन यात्रा चल रही है और इस पर पूर्ण रुप से विजय पाने के लिए समाज के एक एक व्यक्ति को इसमें अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता ने कोरोना महामारी के दौरान हुए अनुभवों से कार्यक्रम में उपस्थित महानुभावों को परिचित करवाया। कार्यक्रम में हेल्थ पार्टनर के रुप में उपस्थित हुए नियो हॉस्पिटल नोएडा के निदेशक डॉ. गुलाब गुप्ता ने जहां एक तरफ कोरोना महामारी के रोकथाम के लिए सरकार के प्रयासों को सकारात्मक बताया वहीं दूसरी तरफ समाज की जवाबदेही को भी तय करने के लिए कहा। प्रसिद्ध समाज सेवी डॉ. गुलाब गुप्ता ने कहा कि ये जंग सम्पूर्ण रुप से तब ही जीती जा सकती है जब समाज का एक एक व्यक्ति जुड़ेगा। बरेली के खुशलोक हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. विनोद पागरानी ने भी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। वरिष्ठ पत्रकार प्रताप सोमवंशी ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थिति रह कर अपने विचार व्यक्त किए।

संवाद सत्र में एक बात जो मुख्य रुप से सामने निकल कर आई कि सरकार के साथ और स्वास्थ्य जगत के साथ मिलकर व्यवसायिक जगत ने इस आपदा में तिहरी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने स्वास्थ्य जगत की मदद से अधिकतम मानवसंसाधन को सुरक्षित तो रखा ही। साथ ही सरकार की अपील पर हर कदम पर मदद के लिए मोर्चे पर मौजूद रहा। मेडिवेज हेल्थ फाउंडेशन की तरफ से अनुराग श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव और विकास पालीवाल ने अतिथियों का स्वागत किया गया।

## हजारीबाग रेलवे सरिया से ई- टिकट दलाल की गिरफ्तारी

सरिया।



शनिवार को निरीक्षक प्रभारी, रे0सु0ब0/पोस्ट/हजारीबाग रोड के नेतृत्व मे स्टाफ के सहयोग से वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त महोदय के निर्देशन में ई-टिकट दलाली के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत एक्सीस बैंक, सरिया के पास नामक दुकान पर समय लगभग 11:15 बजे गये एवं दुकान पर बैठे दुकानदार से पूछताछ किये तो अपना नाम व पता मोती लाल मंडल, उम्र-34 वर्ष, पिता - बाबू लाल मंडल, ग्राम- ठाकुरबाड़ी टोला, सरिया, पुलिस थाना - सरिया, जिला - गिरिडीह (झारखण्ड) बताया। दुकान पर रखे लैपटॉप एवं मोबाईल को चेक किये तो कई संदिग्ध पर्सनल आई0डी0 मिला, लिहाजा अग्रिम जाँच व पूछताछ हेतु लैपटॉप और मोबाईल के साथ उपरोक्त दुकानदार को रे0सु0ब0/पोस्ट/हजारीबाग रोड पर लाये। दुकानदार से ही उसके लैपटॉप एवं मोबाईल को खोलवाकर चेक किया गया तो 04 पर्सनल आईडी पाया गया। चार पर्सनल आईडी से कुल 21 पास्ट टिकट मिले जिसका कुल मूल्य 16314/- रू0 है। उपरोक्त पर्सनल आईडी एवं टिकट के संबंध में जब पूछताछ किया गया तो इस संबंध में मोती लाल मंडल ने अपनी गलती को स्वीकार किया तथा माफी मांगने लगा एवं बताया कि मैं आईआरसीटीसी का अधिकृत एजेंट हूँ एवं मेरा एजेंट आईडी 036815 है, किन्तु मैं लालचवश पर्सनल आईडी से टिकट बनाकर प्रत्येक ग्राहक से टिकट मूल्य से 200 से 300 रू0 ज्यादा लेकर टिकट बेचता हूँ। इसके पश्चात मोती लाल मंडल से बरामद 01 अद्द (एचपी कम्पनी) लैपटॉप, 01 अद्द (भीभो कम्पनी) मोबाईल तथा व्यक्तिगत आईडी पर बने उक्त कुल 21 अद्द टिकट को जप्ती सूची बनाकर समय 15:30 बजे जप्त किया गया तथा उक्त अभियुक्त को उसका अपराध बताते हुये समय 16:30 बजे गिरफ्तार किया गया एवं निरीक्षक/ पंकज कुमार द्वारा दिये गये प्राथमिकी के आधार पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, हजारीबाग रोड पर काण्ड सं0-147/2021 दिनांक-23.10.2021 अन्तर्गत धारा 143 रेल अधिनियम विरूद्ध मोती लाल मंडल दर्ज किया गया एवं समस्त कार्यवाही के पश्चात गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजन को दी गई। जाँच का भार उनि/ नारायण राय, रे0सु0ब0, पोस्ट, हजारीबाग रोड को सौंपा गया है। उक्त गिरफ्तार व्यक्ति को अग्रिम कानूनी कार्यवाही हेतु माननीय रेलवे न्यायालय धनबाद, दिनांक 24.10.2021 को भेज दिया गया।

## विधायक ने पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक

- प्रधानमंत्री आवास और मनरेगा योजना में राशि वसूलने की शिकायत

जामा।



जामा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में रविवार को विधायक सीता सोरेन ने पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में बारी बारी से सभी विभागों की समीक्षा की गयी। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान बीईईओ लीला कुमारी उपाध्याय ने बैंकों द्वारा बच्चों के खाता खोलने में हो रही विलंब के तरफ विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया। एमओ हरेकृष्ण देव ने खाध वितरण, राशन कार्ड, ग्रीन कार्ड, धोती साड़ी योजना के विषय में विस्तार से बताया। जामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ संचयन को विधायक ने अस्पताल की व्यवस्था में सुधार लाने, लेबर रूम की स्थिति और साफ सफाई में सुधार लाने का निर्देश दिया। साथ ही विधायक निधि से दिये गये एम्बुलेंस की भी जानकारी ली। विधायक ने एम्बुलेंस संचालन के लिये एक कमिटी गठित करने का निर्देश बीडीओ को दिया। बिजली विभाग के कनीय अभियंता नितेश कुमार से विधायक ने सिकटिया पंचायत के जामाटाँड़ गांव में 3 माह से बिजली सप्लाई नहीं रहने का कारण जाना। साथ ही रंगनी गांव की मृतक जेएमएम कार्यकर्ता धुरिया देवी को बिजली विभाग द्वारा मुआवजा उपलब्ध नहीं कराये जाने पर विभाग के कनीय अभियंता को कड़ी फटकार लगायी। जानकारी के अनुसार पांच माह पूर्व लटकते बिजली तार के संपर्क में आ जाने से धुरिया देवी की मौत हो गयी थी। जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष कालेश्वर सोरेन ने मनरेगा में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत बैठक में की। जिसमें योजना स्वीकृति में राशि लेने का आरोप लगाया। जिसपर बीडीओ ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

प्रधानमंत्री आवास योजना के समीक्षा में जेएमएम कार्यकर्ता विजय कापरी ने जिओ टेग करने के एवज में राशि के भयादोहन का आरोप स्वयं सेवकों पर लगाया। जिसपर बीडीओ ने जांच कर स्वयं सेवकों पर प्राथमिकी दर्ज करने का आश्वासन दिया। मौके पर एसडीपीओ उमेश कुमार सिंह, बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव, सीओ आशीष कुमार मंडल, सीडीपीओ रेखा कुमारी, राकेश चौधरी, बाबुल यादव, सुरेंद्र यादव, गौतम यादव सहित प्रखंड के कर्मी मौजूद थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत पीसीआई के देखरेख में खिलाई दवा



चांदन। उमाकांत साह

समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन प्रभारी चिकित्सक एके सिंहा के नेतृत्व में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत 20 सितंबर से पोलियो की तर्ज पर घर-घर जाकर आशा कार्यकर्ता के माध्यम से दवाई खिलाई जा रही है। यह कार्यक्रम 14 दिनों कि थी लेकिन इस दौरान पोलियो अभियान एवं दुर्गा पूजा के साथ ही साथ कोरोना वेक्सिनेशन को लेकर बाधित रहा। जिसे लेकर पुनःदवाई खिलाई जा रही। इसी क्रम में पीसीआई सूरज केसरी शनिवार 23 अक्टूबर को कुसुमजोरी वार्ड नंबर दस के लगभग दस घरों में आशा कार्यकर्ता रेखा देवी के साथ अपने उपस्थिति में दो वर्ष से ऊपर लगभग 40 बच्चे एवं युवक युवतियों को दवाई खिलाए और मोटीवेशन करने का काम किया। जिसमें कुसुमजोरी आंगनबाड़ी 37 की सेविका सविता देवी ने भी खुद दवाई खाकर अन्य लोगों दवाई के लिए प्रेरित की, इस दौरान पीसीआई सुरज केशरी ने बताया कि फलेरिया मरीज का लक्षण में पैर हाथी पांव, हाइड्रोसील (अंडकोष में सुजन) जैसा हो जाता है जिससे लोगों को चलने फिरने में परेशानी उत्पन्न होने लगते हैं, फलेरिया क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से होता है जो गंदगी जगह पनपता है। इसलिए सोने के समय मच्छरदानी लगा कर सोना चाहिए डब्ल्यूएचओ के मुताबिक 5 बार दवा खा लेने से यह बीमारी नहीं होगी। साथ ही साथ एमडीए की खुराक के संबंधित बताया की 2 वर्ष से 5 वर्ष के बच्चों को एक गोली एवं 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों को दो गोली इसी तरह 15 वर्ष से वृद्ध तक तीन गोली खिलाना है। यह भी बताया कि 2 वर्ष से कम उम्र वाले बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ गंभीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों को दवाई खिलाना वर्जित है।

# विधायक ने किया परिसंपत्तियों का वितरण

जामा। बीरबल कुमार यादव



जामा विधानसभा की विधायक सीता सोरेन के द्वारा जामा प्रखंड मुख्यालय परिसर में रविवार को परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सीता सोरेन ने कहा कि पूर्व में बाहरी तानाशाही मुख्यमंत्री के द्वारा राज्य संचालन किया जाता था। लेकिन अब ग्रामीणों के सहयोग से आपके घर की सरकार बनी है। लेकिन लगभग 2 वर्ष तक कोविड महामारी के कारण सरकार की कार्य की गति धीमी रही उस दौरान भी सरकार द्वारा बाहर काम कर रहे मजदूरों को उनके घर तक पहुंचाया गया और खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया गया। आपकी सरकार में विकास योजनाओं का लाभ अवशय लें साथ ही सभी लोग करोना वैक्सीन लगवाने से ना चुकें। विधायक ने बताया कि अब प्रत्येक तीन महीने में प्रखंड में समीक्षा बैठक की जाएगी। जिसमें ग्रामीण अपनी बात रख सकते हैं। विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी पर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में मिट्टी के घर गिर जाते हैं और उसके अंदर रहने वाले लोग दबकर मर जाते हैं। उन्होंने भूरभूरी पुल के नवनिर्माण की देखरेख करने की बात कही क्योंकि बड़े योजनाओं में ठेकेदार अपने जेब को गरम करने चक्कर में लगे रहते हैं।

विधायक के द्वारा धोती साड़ी का वितरण किया गया। वहीं मनरेगा योजना के तहत पशु शेड, सिंचाई कूप का स्वीकृति पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, महिला मेट को मेट किट का वितरण किया गया। वहीं एनआरएलएम परियोजना के अंतर्गत 1114 सखी मंडल महिलाओं को 3 करोड़ 77 लाख 55 हजार का स्वीकृति पत्र सौंपा गया। वहीं हड़िया दारू बेचने वाली महिलाओं को फूलों झानों आर्शिवाद अभियान के तहत 15 लाख 38 हजार का चेक दिया गया। साथ ही 5 लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृति पत्र दिया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी सिदार्थ शंकर यादव ने प्रखंड में चल रहे सभी विकास योजनाओं के बारे में बारिकी से विधायक को अवगत कराया। इसके पूर्व विधायक का स्वागत परंपरागत आदिवासी नृत्य के साथ किया गया। इस मौके पर एसडीपीओ उमेश कुमार सिंह, अंचलाधिकारी आशिष कुमार मंडल, थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिंह, निजी सहायक राकेश चौधरी, झामुमो नेता कालेश्वर सोरेन, युवा नेता बाबूल यादव, सत्तार खां, सुरेन्द्र यादव, बिजय यादव, गौतम कुमार, के अलावे विकास मिश्रा, बीईईओ लीला कुमारी उपाध्याय, मनरेगा बीपीओ आशारोज हांसदा, कनीय अभियंता रंजन कुमार हेम्ब्रम, विशाल कुमार, अस्तिना हेम्ब्रम, महेंद्र मांझी, मुकेश राउत आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज़ अपडेट

### 25 अक्टूबर से खुलेंगे प्रखंड के सभी आंगनवाड़ी केंद्र

**बौंसी।** आईसीडीएस निदेशक के निर्देश के बाद 25 अक्टूबर से बौंसी प्रखंड स्थित सभी आंगनबाड़ी केंद्र को खोल दिया जाएगा। कोरोना काल के बाद आंगनबाड़ी केंद्र खुलने से आंगनवाड़ी में पढ़ रहे बच्चों को सारी सुविधाएं फिर से मिलनी शुरू हो जाएंगी। जानकारी देते हुए प्रभारी आईसीडीएस डीपीओ हेमा कुमारी ने बताया कि, प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर 50% बच्चे उपस्थित होंगे। जिनमें तीन से पांच वर्ष के बच्चे सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को उपस्थित रहेंगे। जबकि 5 से 6 वर्ष के बच्चे मंगलवार,गुरुवार एवं शनिवार को उपस्थित रहेंगे। आंगनवाड़ी केंद्रों पर पूर्व से सभी तैयारियां कोविड-19 गाइडलाइन के मुताबिक कर ली गई है। गाइड लाइन के अनुसार प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर हाथ धोने की व्यवस्था एवं साफ सफाई होगी। 25 अक्टूबर से सभी केंद्रों पर बच्चों को गरम गरम खाना भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### 9टू9 टीकाकरण केंद्र का किया गया उद्घाटन



**बौंसी।** बौंसी प्रखंड के श्याम बाजार स्थित पंचायत भवन में रविवार को वैक्सीनेशन गति को बढ़ाने हेतु 9टू9 वैक्सीनेशन सेंटर का उद्घाटन किया गया। वैक्सीनेशन सेंटर का उद्घाटन जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉक्टर योगेंद्र मंडल ने किया। बताया गया कि, 21 अक्टूबर को एक करोड़ से ज्यादा देशवासियों ने कोरोना का वैक्सीन लगवाया है। ज्यादा से ज्यादा लोग टीकाकरण लेने के लिए सामने आएं, इस वजह से 9टू9 वैक्सीनेशन सेंटर का उद्घाटन किया गया है। 9टू9 सेंटर में प्रत्येक दिन दो शिफ्ट में टीकाकरण होगा। जिसके लिए टीकाकरण केंद्र पर एएनएम की प्रतिनियुक्ति की गई है। उद्घाटन के मौके पर केयर इंडिया के पदाधिकारी सहित रेफरल अस्पताल प्रभारी डॉक्टर संजीव कुमार, अस्पताल प्रबंधक मनोज कुमार, केयर इंडिया के विवेक कुमार ठाकुर सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### फैशन शो में पटना के युवाओं ने बिखेरा अपना जलवा



**पटना।** आज संध्या 7 बजे वेलोसे पैरोडक्शन द्वारा आयोजित मिस्टर एंड मिस स्टार्स पटना सीजन 3 का ऑडिशन पटना के होटल मगध में संपर्ण हुआ। जिसमें पटना के युवाओं ने जमकर हिस्सा लिया और अपने फैशन और स्टाइल से जजो का मन मोह लिया। जज के तौर पर मिस स्टार्टस पटना प्रियदर्शनी रजक, मिस्टर स्टार्स पटना, साहिल सिंह राजपूत मिस शिवि पटना गीताली सिंह राजपूत, मिस्टर स्टार्स पटना फर्स्ट रनर अप मासूम रज़ा, और शो डायरेक्टर अमन आयुष्मान और फाउंडर मयंक सिंह और मैनजमेंट टीम में स्नेहा, नसीम औरा जीशान इन सभी के साथ रहा ऑडिशन सक्सेसफुल रहा। और इन सभी ने बताया कि हमारा बिहार किसी से कम नही है।

### मतदाता जनसंपर्क अभियान के तहत झारखंड की राजधानी रांची पहुचे ई0शंभुनाथ केशर




**रांची।** रांची प्रदेश केशरवानी सभा एंव नगर केशरवानी सभा के द्वारा अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा के राष्ट्रीय मंत्री सह राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के उम्मीदवार ई० शंभू नाथ केसरी एवं बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष कुमार केसरी,उपाध्यक्ष प्रदीप केशरी,मीडीया प्रभारी श्याम सुंदर केशरी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर ई०शंभू नाथ केसरी ने लोगों से अगामी 8/9 जनवरी 2022 को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी चलकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने का अपील की और लोगों से अधिक से अधिक वोटो से विजयी बनाने की अपील किया ।उन्होंने लोगों से कहा की हम राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगें तो खास और आम केशरवानी में फर्क को समाप्त कर देगे, नौजवानों को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में मदद करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी । लोगों की मांग पर उन्होंने ग्राम सभा,नगर सभा,जिला सभा को राष्ट्रीय सभा के चुनाव में मतदाता बनाने के लिए आसावस्त किया। इससे पूर्व बरही एंव रामगढ़ में ई० शंभू नाथ केसरी का स्वागत और अभिनंदन किया गया है। मौके पर झारखंड केशरवानी वैशय सभा के अध्यक्ष प्रो०प्रेम सागर केशरी, प्रदेश महामंत्री भगवान साव, तपेशर केशरी, अनिल केशरी, मदन केशरी, द्वारिका केशरी, हेंमत केशरी, संतोष केशरी, गोवद्बन केशरी, लव केशरी समेत सैकड़ों मौजूद थे।

### शादीशुदा महिला को लेकर फरार युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बौंसी।** बंधुआकुरावा थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव से 4 अगस्त को एक शादीशुदा महिला को लेकर फरार होने का मामला बंधुआकुरावा थाना में दर्ज कराया गया था। रविवार को पुलिस ने आरोपी मिथुन कुमार एवं संजय कुमार गिरफ्तार कर बौंसी थाना ले आई। बौंसी थाना में मौजूद महिला एवं उसके पति सिकंदर पासवान ने बताया कि, 4 अगस्त को बौंसी अस्पताल समीप निवासी मिथुन कुमार महिला को लेकर दिल्ली चला गया था। जहां से महिला अपने आपको बच बचाकर वापस अपने घर पहुंची। घर पहुंच कर महिला ने पूरी कहानी अपने परिजनों को बताया। इसके पूर्व 14 अगस्त को महिला के पति सिकंदर पासवान ने पत्नी की गुमशुदगी की प्राथमिकी बंधुआकुरावा थाना में दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि, मिथुन कुमार के साथ उसका भाई संजय कुमार भी था। महिला के पति सिकंदर पासवान ने बताया कि, उनकी पत्नी को मिथुन कुमार लेकर फरार हो गया था। मालूम हो कि, महिला को 3 बच्चे भी हैं। वहीं पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है।

# वेब सीरीज आश्रम-3 की शूटिंग पर बवाल



**भोपाल**

भोपाल में वेब सीरीज आश्रम-3 की शूटिंग के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने फिल्म निर्माता प्रकाश झा के साथ झूमाझटकी कर दी। उन पर स्याही भी फेंकी। शूटिंग पुरानी जेल (अरेरा हिल्स) में चल रही थी। कार्यकर्ताओं ने जेल परिसर के अंदर ही वेब सीरीज की टीम के कर्मचारियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। वैनिटी वैन समेत 5 गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी। हमले में चार से पांच कर्मचारियों को चोट लगी है। कुछ मीडियाकर्मियों से भी मारपीट की गई। घटना की सूचना मिलने के बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं को खदेड़ दिया। इस पूरे मामले में प्रकाश झा ने पुलिस में शिकायत करने से इनकार कर दिया है। वह मीडिया के सामने भी नहीं आए। विरोध करने वाले बजरंग दल के पदाधिकारियों ने झा पर आरोप लगाया कि वह आश्रम-3 वेब सीरीज के जरिए हिंदू धर्म को बदनाम कर रहे हैं। उन्हें फिल्म का नाम बदलना होगा, नहीं तो भोपाल में शूटिंग नहीं होने दी जाएगी। घटना के दौरान वेब सीरीज के एक्टर बॉबी देओल भी मौजूद थे। रविवार शाम 6 बजे वेब सीरिज आश्रम-3 की पुरानी जेल में शूटिंग चल रही थी। इसी दौरान दो-ढाई सौ की संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए जेल परिसर में घुस आए। वह हंगामा करने लगे। बात करने के लिए उन्होंने प्रकाश झा को बुलाया। इसी दौरान उग्र कार्यकर्ताओं ने झा के साथ झूमाझटकी कर दी। उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने कार्यकर्ताओं से किसी तरह अलग कराया। इसके बाद प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने परिसर में खड़ी वैनिटी वैन, कार, ट्रक में रखे सामान, मशीनरीज में तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। जब फिल्म टीम के कर्मचारियों ने इसका विरोध किया तो उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। पुलिस मामले में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# लाइफ पार्टनर को लेकर कृति का बयान

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों अपनी फिल्म हम दो हमारे दो को लेकर काफी सुर्खियों में रहते हैं। इस फिल्म में उनके साथ बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव मुख्य भूमिका में हैं। यह दोनों सितारे इन दिनों अपनी फिल्म का जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। इस बीच कृति सेनन ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर बड़ी बात बोली है। उन्होंने बताया है कि वह कैसे लाइफ पार्टनर की तलाश में हैं। कृति सेनन ने एक बातचीत में अपने फिल्मी करियर के अलावा निजी जिंदगी को लेकर भी ढेर सारे खुलासे किए हैं। कृति सेनन ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर बड़ी बात बोली है।
उन्होंने कहा कि राजकुमार राव के साथ उनकी केमिस्ट्री फिल्म बरेली की बर्फी के समय से काफी बेहतर हो गई है। इस दौरान कृति सेनन से पूछा गया कि उन्हें कैसे लाइफ पार्टनर की तलाश है। दिग्गज अभिनेत्री ने कहा, 'मैं वास्तव में एक लड़के के साथ प्यार में पड़ जाऊंगी और यह मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है। उसका परिवार भी मायने रखता है लेकिन मैं सिर्फ एक सच्चा प्यार करने वाला, ईमानदार, वफादार लड़का चाहती हूं, जिसके साथ मेरा बस यही संबंध रहे।' कृति सेनन की इस बयान की काफी चर्चा हो रही है। आपको बता दें कि इन दिनों कृति सेनन अपनी कई फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं। इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्मों को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री अपनी एक्शन पैक्ड फिल्म गणपत के आगामी शेड्यूल के लिए लंदन रवाना हो गई हैं। अभिनेत्री ब्राउन कलर के जंप सूट के साथ ओवर साइज कोट में नजर आ रही हैं।



# मौनी रॉय ने फिर बरपाया कहर

छोटे पर्दे से लेकर बॉलीवुड तक अपने हुस्न के जलवे बिखेर चुकीं खूबसूरत एक्ट्रेस मौनी रॉय हमेशा किसी न किसी कारण लाइमलाइट में रहती हैं। वह अक्सर अपने बोल्ड अंदाज से लोगों के होश उड़ा देती हैं। मौनी ने अपनी जबरदस्त अदाकारी से तो दर्शकों का दिल जीता ही है। साथ ही लोग उनके स्टाइलिश अंदाज के भी दीवाने रहते हैं।
एक्टिंग के अलावा मौनी अपने चाहने वालों के साथ जुड़े रहने के लिए सोशल मीडिया साइट्स पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। वह आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर फैंस के दिलों की धड़कन तेज कर देती हैं। मौनी के इंस्टाग्राम पेज पर हर दिन उनकी नई अदा देखने को मिलती है। आज वह उस मुकाम पर हैं जहां फैंस उनकी एक झलक के दीवाने रहते हैं। उनके फैंस हमेशा ही उन्हें पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित रहते हैं।

मौनी अब एक बार फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह ब्लैक और गोल्डन कलर की शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही हैं और बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। इन तस्वीरों में मौनी अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं। अपने इस लुक को पूरा करने के लिए मौनी ने बालों को वेवी टच देकर खुला छोड़ा है। इसके साथ उन्होंने स्मोकी आई मेकअप, लाइट शेड लिपस्टिक और न्यूड मेकअप किया है।



राजनामा दुनियां की ओर से स्वत्ताधिकारी , प्रकाशक एवम मुद्रक **ऋषि प्रकाश मिश्रा** के लिए C-6, सेंट्रल अशोका, अरगोड़ा,रांची,झारखंड से प्रकाशित एवम डीबी कॉर्प लिमिटेड,लालगुटवा, रातु,रांची,झारखंड से मुद्रित । संपादकः**ऋषि प्रकाश मिश्रा**, स्थानीय संपादकः **रमेश चंद्र झा**, कार्यकारी संपादक ***उदयेश रवि*** *पीआरबी एक्ट के तहत सभी खबरों के लिए जिम्मेदार*, मुख्य प्रबंध संपादकः **सुभाष कुमार सिंह**, प्रबंध संपादकः **विष्णु कांत शर्मा**, प्रसारः **विनय कुमार केशरी** , संपादकीय : 9835530023, 8169841937, ईमेल - raajnamadigital@gmail.com